सोमवार, 10 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 18 – 29 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:46 | सूर्यास्त: 16:54 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हार का डर मत पालो, कोशिश छोड़ना ही असली हार है।



आकाश चौधरी ने लगातार आठ छक्के और 11 गेंदों में अर्धशतक जड़कर बनाए विश्व रिकॉर्ड पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी, पीड़ित महिलाओं को मिलेगा मुआवजा

## दूसरी शादी की तो 7 साल की कैद

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसके लिए दोषियों को सात साल तक के कठोर कारावास की सजा हो सकती है। हालांकि, छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों के लिए कुछ अपवाद हो सकते हैं। सरमा ने यहां मंत्रिमंडल बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बहुविवाह पीड़ित महिलाओं को मुआवजा देने के लिए एक नया कोष भी बनाएगी ताकि उन्हें अपना जीवन जारी रखने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा, असम मंत्रिमंडल ने आज बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस



विधेयक का नाम 'असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025' होगा। इसे 25 नवंबर को विधानसभा में पेश किया जाएगा। सरमा ने कहा कि अगर किसी आरोपी पर बहुविवाह का आरोप साबित होता है, तो उसे सात साल तक की कठोर कारावास की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा, हमने पीड़ित महिलाओं को मुआवज़ा देने के लिए एक कोष बनाने का भी फैसला किया है। सरकार जरूरी मामलों में आर्थिक मदद करेगी, ताकि किसी भी महिला को जिंदगी में मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, सरकार असम बहुविवाह निवारण विधेयक, 2025 को विधानसभा में पेश करने के लिए तैयार है। इस कानून को लागू करने के बाद दोषियों के खिलाफ बिना जमानत के मामले दर्ज किए जाएंगे। पीड़ित को आर्थिक मुआवज़ा दिया जाएगा। यह विधेयक नवंबर में सदन में पेश किया जाएगा। हालांकि, यह अधिनियम आदिवासी लोगों और छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा।उन्होंने आगे कहा, मेरे पास 2001 से 2011 के बीच हिंदू और मुस्लिम आबादी की वृद्धि के आंकड़े हैं। आप देखेंगे कि हर जगह हिंदू आबादी की वृद्धि कम हो रही है, और असम के हर ब्लॉक में मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। हमने ज़मीन बिक्री की अनुमति की भी जांच शुरू कर दी है।

## आज से ममता का उत्तर बंगाल दौरा, करेंगी प्रशासनिक बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर फिर उत्तर बंगाल के दौरे पर जाएंगी। इससे पहले वह उत्तर बंगाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के समय दो बार उत्तर बंगाल का दौरा कर चुकी हैं। लगभग एक महीने के अंतराल पर मुख्यमंत्री का यह उत्तर बंगाल दौरा हो रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता से बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचेंगी और वहां से सड़क मार्ग से सिलीगुड़ी जाएंगी। वह उत्तरकन्या में प्रशासनिक बैठक कर आपदा के बाद की स्थिति की समीक्षा करेंगी। सूत्रों ने बताया कि वह प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करेंगी।

## उत्तराखंड की धामी सरकार ने यूसीसी और धर्मांतरण विरोधी कानून बनाकर साहसिक कदम उठाया : मोदी

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जनसांख्यिकी बदलाव रोकने के उपाय, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), अवैध धर्मांतरण पर रोक और दंगा नियंत्रण को लेकर उत्तराखंड सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को 'साहसिक' करार देते हुए उनकी प्रशंसा की और सुझाव दिया कि अन्य राज्यों को भी उनका अनुकरण करना चाहिए। मोदी ने उत्तराखंड के गठन की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, " मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की सरकार ने जिस गंभीरता से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किया, वह अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल है। राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा नियंत्रण कानून जैसे राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर साहसिक नीतियां अपनाई हैं।" प्रधानमंत्री ने कहा, "भाजपा सरकार (उत्तराखंड में) भूमि हड़पने और जनसांख्यिकीय परिवर्तन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी ठोस कार्रवाई कर रही है।" देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने रिमोट



के जरिये 8260.72 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार की सराहना की और कहा कि उत्तराखंड अगले कुछ वर्षों में खुद को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा, "उत्तराखंड की विकास यात्रा को अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ा है, लेकिन भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार ने हर बार उन पर विजय प्राप्त की है और यह सुनिश्चित किया है कि विकास की गति न थमे।" प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कि उत्तराखंड आने वाले वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र इसके भविष्य की यात्रा के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार उत्तराखंड की क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम कर रही है। मोदी ने कहा, "आप सभी जानते हैं कि उत्तराखंड से मेरा कितना गहरा लगाव है। जब भी मैं आध्यात्मिक यात्राओं पर यहां आया, पहाड़ों में रहने वाले लोगों के संघर्ष और कड़ी मेहनत ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। इसने मुझे उत्तराखंड की अपार संभावनाओं से परिचित कराया।"

## गुजरात एटीएस ने रिसिन जहर से आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश किया, 'डॉक्टर' समेत गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने चीन से एमबीबीएस की डिग्री करने वाले एक डॉक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक संदिग्ध आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपी डॉक्टर कथित तौर पर अत्यधिक घातक रासायनिक जहर 'रिसिन' तैयार कर रहा था और उसका आका इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) से जुड़ा हुआ है। एक वरिष्ठ एटीएस अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपियों में एक डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद और आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है और उन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद में कई संवेदनशील स्थानों की रेकी की थी। गुजरात एटीएस के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने संवाददाताओं को बताया, डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद उच्च शिक्षित और कट्टरपंथी है तथा उसने बड़ी



आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश के तहत धन इकट्ठा करने और लोगों की भर्ती करने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने यह भी खुलासा किया है कि उनका आका ड्रोन के जरिए हथियारों की खेप पाकिस्तान से भेजता है। जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की एक टीम ने सात नवंबर को गांधीनगर के अडालज के निकट तेलंगाना के हैदराबाद निवासी डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद को गिरफ्तार किया, जिसके पास दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 कारतूस और अरंडी का चार लीटर तेल बरमाद किया गया। चीन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाला सैयद एक बड़े आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए 'रिसिन' नाम का एक बेहद घातक ज़हर तैयार कर रहा था। जोशी ने बताया कि उसने ज़रूरी शोध शुरू कर दिया था, उपकरण और कच्चा माल जुटा लिया था और शुरुआती रासायनिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। रिसिन एक रासायनिक जहर है और इसे अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जा सकता है। जोशी ने कहा कि सैयद, शेख व सलीम हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात में थे और उन्होंने एक शक्तिशाली जहर 'रिसिन' से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। पूछताछ में सैयद ने बताया कि वह आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहा था और उसने गांधीनगर जिले के कलोल में एक सुनसान जगह से हथियार एकत्र किए थे।

## बिहार चुनाव : प्रचार पर लगा विराम, अब दूसरे चरण के लिए कल 122 सीटों पर होगी वोटिंग



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर पांच बजते ही विराम लग गया। रविवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा।

**इन विधानसभा में शाम चार बजे तक वोटिंग**

कटोरिया, बेलहर, चैनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

**दूसरे चरण में कितने मतदाता**

दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। वहीं तीन करोड़ 70 लाख मतदाता दूसरे चरण में मतदान करेंगे। एक करोड़ 95 लाख पुरुष वोटर हैं। एक करोड़ 74 लाख महिला वोटर हैं। चार लाख चार हजार दिव्यांग वोटर हैं। 63373 सर्विस वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर हैं। 43 एनआरआई हैं। वहीं 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या सात लाख 69 हजार 356 है।

## कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी छापेमारी के दौरान नौ लोगों को हिरासत में लिया गया



**श्रीनगर :** 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' ने रविवार को आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई के तहत घाटी में छापेमारी कर एक महिला समेत नौ लोगों को हिरासत में ले लिया। एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवाद का ऑनलाइन महिमामंडन किए जाने और युवाओं को कट्टरपंथी बनाए जाने के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) की टीम ने श्रीनगर, कुलगाम, बारामूला, शोपियां और पुलवामा में 10 विशिष्ट स्थानों पर छापेमारी की। प्रवक्ता ने बताया, ऑनलाइन आतंकवादी नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई करते हुए सीआईके ने आज कश्मीर घाटी में समन्वित छापेमारी की। उन्होंने कहा, स्थानीय पुलिस के सहयोग से चलाया गया यह अभियान उन व्यक्तियों पर केंद्रित था, जिन पर हिंसा भड़काने, राष्ट्रविरोधी दुष्प्रचार करने और सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया मंच का दुरुपयोग करने का आरोप है। प्रवक्ता के मुताबिक, एक महिला समेत नौ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा, फॉरेंसिक जांच के लिए सिम कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट और कई तरह के डिजिटल उपकरणों सहित कई सबूत जब्त किए गए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, जब्त सामग्री से महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है, जिससे आगे की जांच और अतिरिक्त प्रवर्तन कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

## हैदराबाद में हिंदू नाबालिग लड़कियों को निशाना बना रहा मादक पदार्थ गिरोह: केंद्रीय मंत्री

**हैदराबाद :** केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने रविवार को आरोप लगाया कि कथित तौर पर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम के समर्थन से संचालित एक मादक पदार्थ गिरोह यहां पुराने शहर में हिंदू नाबालिग लड़कियों को निशाना बना रहा है, उनका अपहरण कर रहा है और उन पर हमला कर रहा है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह गिरोह उत्सव के बहाने हिंदू लड़कियों को फुसलाता है, उन्हें नशे की लत लगाने के लिए मादक पदार्थ मिले चॉकलेट देता है और बाद में उनका अपहरण कर उन पर हमला करता है। उन्होंने राज्य सरकार पर मजलिस (एआईएमआईएम) के दबाव में इस मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। कांग्रेस या ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से इसपर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कुमार ने आरोप लगाया, ...जब लड़कियों के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत की तो कोई जांच नहीं हुई। बाद में लड़की को घर वापस भेज दिया गया और मामला बंद कर दिया गया।

## पाकिस्तान में 27वें संविधान संशोधन के खिलाफ विपक्ष ने देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की संसद प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन को पारित करने की तैयारी कर रही है, वहीं विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह संविधान की नींव हिला देगा। विपक्ष ने इसके खिलाफ रविवार से देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। संशोधन में अनुच्छेद 243 में परिवर्तन का प्रस्ताव है, जिसके तहत चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) के पद को समाप्त कर चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज नामक नया पद शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है।

## जापान के तट पर शक्तिशाली भूकंप आया, सुनामी की चेतावनी जारी

**तोक्यो :** उत्तरी जापान के तट पर रविवार को शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी। जेएमए ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई और भूकंप का केंद्र इवाते प्रांत के तट पर समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में स्थित दोनों परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के किसी तरह के नुकसान या किसी असामान्य घटना की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है।

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

**सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन**



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:**
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho

## धर्म के आधार पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है कांग्रेस : राजनाथ

**औरंगाबाद/सासाराम (बिहार) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के कांग्रेस मतलब मुसलमान संबंधी बयान पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन औरंगाबाद और सास-राम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) धर्म, जाति या संप्रदाय के आधार पर लोगों को नहीं बांटता, बल्कि मानवता की राजनीति में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, क्या आपने सुना है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने क्या कहा? उन्होंने कहा, कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। इस बयान का क्या अर्थ है? यह देश को बांटने का प्रयास है। क्या यही कांग्रेस की राजनीति है? यही उसकी संस्कृति है।" सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए राजग को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद समाज को जाति, धर्म और समुदाय के नाम पर विभाजित करना चाहते हैं। यह चुनाव सुशासन और 'जंगलराज' के बीच



की लड़ाई है। वही लोग जो बिहार को जातीय संघर्ष और नरसंहारों के दौर में झोंक चुके थे, अब वोट मांग रहे हैं। जनता को ऐसे तत्वों से सावधान रहना चाहिए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हाल ही में जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान कहा था कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो अल्पसंख्यक समुदायों को अहम पद देती है, और जोड़ा था, कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। इसी बयान को लेकर राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा, पहले राजद के लोग कहते थे-जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू। अब वो दिन चले गए।" सिंह ने मजाकिया लहजे में कहा, अब स्वादिष्ट समोसे में सिर्फ आलू नहीं, बल्कि काजू और अन्य मसाले भी चाहिए तथा बिहार में 'स्वादिष्ट समोसे' सिर्फ राजग ही बना सकता है।



## जलवायु परिवर्तन का कहर

पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का मानवीय जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का शोर तो लंबे समय से सुनाई दे रहा है, लेकिन इसकी घातकता का अंदाजा कुछ समय पहले प्रकाशित प्रमाणिक वैश्विक सर्वेक्षण से सामने आया है। सर्वे बताता है कि भारत में पिछले साल बीस दिन लू का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन कारकों से अधिक गर्म हवाएं चलीं। यह भी कि वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते 247 अरब घंटों का नुकसान हुआ, जिसके चलते श्रम क्षमता में कमी आने से 194 अरब डॉलर का नुकसान देखा गया। 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जलवायु परिर्वतन के कारकों से कृषि क्षेत्र में 66 फीसदी और निर्माण क्षेत्र में बीस फीसदी का नुकसान हुआ। यह रिपोर्ट इशारा करती है कि अत्यधिक गर्मी के कारण श्रम क्षमता में कमी के कारण 194 अरब डॉलर की संभावित आय का नुकसान हुआ। उल्लेखनीय है कि यह रिपोर्ट विश्व के 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के 128 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने तैयार की, जिसका कुशल नेतृत्व यूनिवर्सिटी कालेज लंदन ने किया। इस रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक सबसे व्यापक आकलन किया गया है। रिपोर्ट बताती है कि जीवाश्म ईंधनों पर अत्यधिक निर्भरता और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन की विफलता से लाखों लोगों की जिंदगियां, स्वास्थ्य और आजीविका खतरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को मापने वाले 20 में से बारह संकेतक अब तक के सबसे उच्चतम स्तर तक जा पहुंचे हैं। रिपोर्ट बताती है कि साल 2020 से 2024 के बीच भारत में औसतन हर साल दस हजार मौतें जंगल की आग से उत्पन्न पीएम 2.5 प्रदूषण से जुड़ी थीं। चिंता की बात यह है कि यह वृद्धि 2003 से 2012 की तुलना में 28 फीसदी अधिक है, जो हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

विडंबना यह है कि 'द लांसेट' की रिपोर्ट में सामने आए गंभीर तथ्यों के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस संकट से मिलकर जूझने की ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। यह निर्विवाद तथ्य है कि दुनिया के विकसित देश अपनी जिम्मेदारी से लगातार बचने के प्रयास कर रहे हैं। खासकर हाल के वर्षों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को लेकर जो गैरजिम्मेदाराना रवैया अख्तियार किया है, उससे नहीं लगता कि वैश्विक स्तर पर इस संकट से निपटने की कोई गंभीर साझा पहल निकट भविष्य में सिरे चढ़ेगी। विकसित देश इस दिशा में मानक पेरिस समझौते की संस्तुतियों को नजरअंदाज करते नजर आते हैं। वे विकास के तमाम संसाधनों का निर्मम दोहन करने के बाद अपनी गरीब आबादी को को गरीबी के दलदल से बाहर निकालने में जुटे विकसित देशों पर जलवायु परिवर्तन से बचाव के उपायों को लागू करने के लिये लगातार दबाव बना रहे हैं। 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट के अनुसार, मानवजनित पीएम-2.5 प्रदूषण भारत में 2022 के दौरान 17 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार था। इसमें कोयला और तरल गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों से होने वाले उत्सर्जन का 44 फीसदी योगदान था। इसके साथ ही सड़क परिवहन में पेट्रोल के उपयोग से पैदा प्रदूषण से करीब 2.69 लाख मौतें हुईं। रिपोर्ट में दर्शाई गई सबसे बड़ी चिंता श्रम के घंटों के नुकसान और कृषि क्षेत्र में 66 फीसदी नुकसान का होना है। यह संकट जहां बड़े विस्थापन को जन्म दे सकता है, वहीं हमारी खाद्य शृंखला संकटग्रस्त हो सकती है, जिसके लिए देश में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसलों की किस्मों की खोज जरूरी हो जाती है। यदि हम ऐसा कर पाते हैं तो फसलों पर जलवायु परिवर्तन प्रभावों को कम किया जा सकता है। दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले देश के सामने यह मुश्किल सबसे बड़ी है। वहीं भारत सरकार और किसानों के सामने यह वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती है। 'द लांसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट में उजागर तथ्य हमारी आंख खोलने वाले व सचेतक हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 नवम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष षष्ठी, 24:12 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 18:51 तक, योग : साध्य, 12:02 तक, सूर्योदय: 05:46, सूर्यास्त: 16:54, चन्द्रोदय : 21:43, चन्द्रास्त: 10:44, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 07:12 से 08:35

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए समस्या लेकर आने वाला है, क्योंकि आपके शत्रु बढ़ सकते हैं, जिन्हें आपकी तरक्की रास नहीं आएगी और वह आपके बॉस से आपकी चुगली लगा सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। संतान की आपसे खूब पटेगी। आज आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई चीजों को शामिल कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई लेनदेन करने से बचें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी संतान को किसी दूसरे कॉलेज में एडमिशन दिलाने के प्लानिंग कर सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में कमजोर रहने वाला है। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आसानी से आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप आज हिसाब से खर्च करेंगे, लेकिन आपको कोई भौतिक सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। संतान की सेहत में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए किसी नये मकान, वाहन आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपकी लिए दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी तरक्की के रास्ते खुलेंगे और आपको अपने दोस्त के माध्यम से कोई आय के सोर्स से जुड़ सकते है।

# भारत की श्रम संहिताएं: अनौपचारिकता से समावेशन की ओर

**श्री कार्तिक नारायण,**
**मुख्य कार्याधिकारी,**
**अपना जॉब्स**

जैसे विश्व भर के देश प्रतिभाओं के लिए अपने भीतर देख रहे हैं। ऐसे में भारत को भी औपचारिक, औचित्यपूर्ण और गरिमामय रोजगार पैदा कर आगे बढ़ना होगा।

समूची दुनिया में आव्रजन को लेकर चिंता, अर्थव्यवस्थाओं और राजनीतिक व्यवस्थाओं को नया स्वरूप दे रही है। वैश्विक प्रतिभाओं का स्वागत करने वाले देश अब बदल रहे हैं, वे वैश्विक प्रतिभाओं के लिए पुल बनाने के बजाय अवरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभाओं की तलाश अपने अंदर ही शुरू कर दी है। भारत इस बदलती हुई दुनिया में संपन्नता के लिए सिर्फ प्रतिभाओं के निर्यात पर निर्भर नहीं रह सकता। हमें उत्पादन के साथ ही अवसरों के लिहाज से भी आत्मनिर्भर बनना होगा। इसके जरिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी प्रगति के साथ ही देश में अच्छे भुगतान वाले, मानकीकृत और गरिमापूर्ण रोजगार पैदा हों।

मार्टिन लूथर किंग (जू) ने एक समय कहा था, ''मानवता को ऊपर उठाने वाले हर श्रम की गरिमा और महत्व है। इसे श्रमसाध्य उत्कृष्टता के साथ किया जाना चाहिए।'' भारत की नई श्रम संहिताएं इस आदर्श को जमीन पर उतारने की दिशा में एक कदम हैं। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश को बनाने, आगे ले जाने और शक्ति देने वाले लाखों लोग सिर्फ कामगार नहीं हों, बल्कि प्रगति में हिस्सेदार बनें। इन संहिताओं का लक्ष्य अनौपचारिकता को समावेशन, स्वेच्छा को आंकड़ों और असुरक्षा को सुदृश्यता से बदल कर काम की गरिमा बहाल करना है।

भारत का श्रम परिवेश वर्षों से पैबंदों वाली दरी के समान रहा है। देश के 29 श्रम कानून बेशक अच्छे इरादे से लाए गए हों लेकिन सब मिल कर अस्पष्टता पैदा करते रहे थे। इसके परिणामस्वरूप अकुशलता का संतुलन दिखाई पड़ता था। कामगार में असुरक्षा थी और नियोक्ता संदेह में रहते थे। सरकार ने इन कानूनों को वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा की चार संहिताओं में पिरो देने का फैसला किया। यह कदम सिर्फ एक प्रशासनिक सुधार नहीं है। आधुनिकीकरण के इस अभियान में स्वीकार किया गया है कि संरक्षण और उत्पादकता को एक साथ मिलकर बढ़ना चाहिए।

इस सुधार का संबंध दृश्यता से है। नियुक्तिपत्र, वेतन की पर्ची और डिजिटल रिकॉर्ड के बिना कामगार, सरकार और बाजार दोनों की ही नजरों से ओझल रहता है। औपचारीकरण इस स्थिति में बदलाव लाता है। लिखित प्रमाण वाला हर रोजगार एक ऐसा जीवन पैदा करता है जिसकी मान्यता हो। हर डिजिटल रिकॉर्ड सामाजिक सुरक्षा से लेकर बीमा और गतिशीलता तक जाने वाला पुल होता है। यह बदलाव नियोक्ताओं को भी अनिश्चितता के बजाय एक ढांचा और स्वेच्छा की जगह आंकड़े प्रदान करता है। नियुक्ति के हर संबंध का रिकॉर्ड हो तो विश्वास को एक बुनियाद मिल जाती है।

वेतन को ही लें। भारत में विभिन्न राज्यों और उद्योगों की अलग-अलग हजारों न्यूनतम मजदूरी दरें थीं। आस-पड़ोस के जिलों के कामगारों तक को एक ही काम के लिए काफी अलग-अलग रकम मिलती थी। वेतन संहिता में मजदूरियों की एक समान परिभाषा के साथ राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी स्थापित की गई। इसके जरिए सुनिश्चित किया गया कि किसी को भी एक गरिमापूर्ण न्यूनतम सीमा से नीचे मजदूरी नहीं मिले तथा समान कार्य के लिए एक बराबर मजदूरी सिर्फ आडंबर नहीं, बल्कि नियम बन जाए। इससे श्रम के एक से दूसरे स्थान पर गमन में भी मदद मिलती है। इस संहिता ने सुनिश्चित किया कि एक से दूसरे राज्य में जाने वाले मजदूर के वेतन के अधिकार भी उसके साथ चलें।

औद्योगिक संबंध संहिता लचीलेपन और निष्पक्षता के बीच एक समान संतुलन बनाती है। भारत की अर्थव्यवस्था अब विनिर्माण, सेवाओं और तेज़ी से बढ़ते गिग क्षेत्र का मिश्रण है। लॉजिस्टिक्स, खुदरा और निर्माण जैसे कई उद्योग मौसमी माँग और परियोजना-आधारित कार्य के साथ संचालित होते हैं। निश्चित अवधि के अनुबंध अब वैध और मानकीकृत हो गए हैं। अब कंपनियां वेतन या लाभ की समानता से समझौता किए बिना नियुक्ति कर सकती हैं। कर्मचारियों के लिए लचीलेपन का मतलब अब असुरक्षा नहीं है। पुनर्कौशल निधि का निर्माण प्रतिक्रियात्मक कल्याण से सक्रिय रोज़गार की ओर बदलाव का संकेत है। नौकरी छूटने का मतलब अब चट्टान से गिरना नहीं है, यह नया सीखने और पुनः प्रवेश करने का एक सेतु बन जाता है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता यह मानती है कि भारत का कार्यबल अब फ़ैक्टरियों तक ही सीमित नहीं है। ड्राइवर, डिलीवरी पार्टनर और फ्रीलांसर जैसे काम डिजिटल अर्थव्यवस्था के नए निर्माता हैं और अब सुरक्षा के दायरे में भी हैं। यह स्वीकार करते हुए कि काम की प्रकृति बदलती रहती है लेकिन सुरक्षा की ज़रूरत नहीं बदलती, नए प्लेटफ़ॉर्म उनके कल्याण के लिए केंद्रीय कोष में योगदान देंगे। स्व-मूल्यांकन, संगठित फाइलिंग और डिजिटल रिकॉर्ड, कागज़ों के ढेर की जगह पारदर्शिता और फाइल का शीघ्र पता लगाने की क्षमता बढ़ाते हैं। इससे अनुपालन सरल हो जाता है और नीति-निर्माण अधिक स्मार्ट हो जाता है।

प्रतिष्ठा और सुरक्षा पर ध्यान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। संहिता केवल व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां हेलमेट और रेलिंग लगाने के बारे में ही नहीं बनाई गई हैं। यह कार्यस्थल पर सम्मान के लिए बनाई गई हैं। नियुक्ति पत्र अनिवार्य हो गए हैं, स्वास्थ्य जाँच के मानक बनाये गए हैं और महिलाएँ अब सभी क्षेत्रों और शिफ्टों में काम कर सकती हैं, बशर्ते सुरक्षा उपायों में ऐसा प्रावधान सुनिश्चित किया गया हो जिससे बड़ी संख्या में महिलाएँ कार्यबल में शामिल हो सके। प्रवासी मज़दूर, जिन्हें लंबे समय से अपने ही देश में बाहरी समझा जाता रहा है, अब जहाँ भी वे काम करते हैं, कल्याणकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह समावेशन का वास्तविक रूप कहा जा सकता है।

सरलीकरण को शायद सबसे कम होने वाले लाभ के रूप में आंका गया है। अब 29 की बजाय एक पंजीकरण, एक लाइसेंस, एक रिटर्न भरना है। निरीक्षक अब सुविधा प्रदाता हैं। अनुपालन की बातचीत दंड की बजाए साझेदारी की ओर बढ़ रही है। छोटे उद्यमों के लिए जो भारत के रोज़-गार की रीढ़ हैं, उनकी सुविधा के लिए अब अनुमोदन के लिए कम और व्यवसाय निर्माण के लिए अधिक समय है। औपचारिकता सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं है, यह उत्पादकता बढ़ाती है।

कार्यान्वयन में समय लग सकता है। राज्यों को अपने नियमों को एक समान बनाना होगा, डिजिटल प्रणालियों को सुचारू रूप से काम करना होगा, और नियोक्ताओं और श्रमिकों दोनों को एक दूसरे के अनुकूल बनाना होगा। लेकिन दिशा मायने रखती है। ये संहिताएँ एक स्पष्ट संकेत देती हैं। भारत एक ऐसा देश बनना चाहता है जहाँ नौकरियाँ न केवल सृजित हों, बल्कि उनकी गणना भी हो जिनमें लच-ीलापन और निष्पक्षता हो और जहाँ श्रमिक और नियोक्ता समान भागीदार हों, न कि एक दूसरे के विरोधी।

विश्व भर के देश प्रतिभाओं के लिए अपने अंदर की ओर देख रहे हैं। भारत को अपनी घरेलू श्रम प्रणाली को मज़बूत करना होगा जो पारदर्शी, सुवाह्य और निष्पक्ष हो। इन सुधारों का असली फ़ायदा तब महसूस होगा जब भारत का विकास न केवल ज़्यादा रोज़गारों से, बल्कि बेहतर औपचारिक, उच्च-वेतन और सम्मानजनक रोज़गार से भी प्रेरित हो।

इन सुधारों का अगर सावधानी और निरंतरता के साथ क्रियान्वयन किया जाए, तो ये सुधार भारत की कार्यप्रणाली को नया रूप दे सकते हैं। ये अनौपचारिकता को समावेशिता में और काम को गरिमा में बदल सकते हैं। इसको सही रूप में व्यक्त करने के लिए कर्नाटक के 12वीं सदी के बासवन्ना के इस शाश्वत संदेश कायाकावे कैलासा- काम ही स्वर्ग है से बेहतर शायद ही कोई और विचार हो। उनका आंदोलन मोची से लेकर विद्वान तक, ईमानदारी से किए गए हर पेशे को पवित्र मानता था। नई श्रम संहिताएँ इसी भावना को आगे बढ़ाती हैं कि गरिमा पद में नहीं, बल्कि प्रयास में निहित है। क्योंकि अंततः सुधार की असली परीक्षा उसके पारित होने में नहीं, बल्कि उसको व्यवहार में लाने पर होती है।

**लेखकः कार्तिक नारायण रपिर.ले के साथ जुड़े हैं और आजीविका के भविष्य, प्रौद्योगिकी और भारत के श्रम सुधारों पर लिखते हैं।**

# वंदे मातरम्: राष्ट्रवाद की आध्यात्मिक प्रेरणा



**डॉ सत्यवान सौरभ**

वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम का आध्यात्मिक आधार था। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत मातृभूमि को देवी के रूप में पूजने की भावना से ओतप्रोत था। इसने राष्ट्रवाद को केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि एक भक्ति-भावना में परिवर्तित किया। बंग-भंग आंदोलन से लेकर क्रांतिकारी संघर्षों तक यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों की प्रेरणा बना। आज भी यह राष्ट्रीय सम्मान, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। वंदे मातरम ने भारत की आत्मा को जागृत किया और यह सदा हमारी राष्ट्रीय चेतना की धड़कन बना रहेगा।

वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं था, बल्कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्र की आत्मा का स्वर बन गया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत उनकी प्रसिद्ध कृति आनंदमठ (1882) में शामिल किया गया था। इसमें भारत माता को एक देवी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने औपनिवेशिक दमन से त्रस्त भारतीय जनमानस को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधा। इस गीत ने न केवल भावनात्मक स्तर पर भारतीयों को जोड़ा बल्कि स्वतंत्रता की मांग को एक नैतिक और धार्मिक अधिकार के रूप में स्थापित किया। यह वह समय था जब भारत अंग्रेज़ी शासन के अधीन था, और समाज निराशा, विभाजन तथा अधीनता की मानसिकता में जी रहा था। ऐसे में वंदे मातरम ने भारतवासियों के भीतर दबी हुई स्वाभिमान की चिंगारी को प्रज्वलित किया।

इस गीत की पहली दो पंक्तियाँ-सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् मातरम-भारत की भौगोलिक सुंदरता और समृद्धि का वर्णन करती हैं। यहाँ भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी माँ के रूप में चित्रित की गई है जो अपने बच्चों को जल, अन्न और जीवन देती है। यह भावनात्मक रूपक उस समय के लोगों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी था। भारतीय समाज के लिए मातृत्व का भाव सबसे पवित्र था, और जब देश को 'मां' के रूप में देखा गया, तो देशभक्ति स्वाभाविक रूप से 'भक्ति' का रूप ले ली। यह भाव ही वंदे मातरम को एक साधारण गीत से एक आध्यात्मिक आंदोलन में परिवर्तित करता है।

भारत में उस समय राजनीतिक चेतना का आरंभ हो रहा था, परंतु उसमें जनसामान्य की भागीदारी सीमित थी। शिक्षित वर्ग में राष्ट्रवाद के बीज अंकुरित हो रहे थे, लेकिन उनमें भावनात्मक ऊर्जा का अभाव था। वंदे मातरम ने इस रिक्तता को भरा। इसने राष्ट्रवाद को केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप दिया। यह गीत गाया गया तो लोगों ने पहली बार अनुभव किया कि वे किसी बाहरी सत्ता के अधीन नहीं, बल्कि अपनी ही मातृभूमि के संतान हैं, जिन्हें स्वतंत्र रहने का जन्मसिद्ध अधिकार है।

1905 में जब ब्रिटिश सरकार ने बंगाल का विभाजन किया, तब वंदे मातरम बंग-भंग आंदोलन का मुख्य नारा बन गया। विद्यार्थी, महिलाएँ, व्यापारी, किसान-सबके होंठों पर यही शब्द गूंजने लगे। रैलियों, सभाओं और जुलूसों में जब यह गीत सामूहिक रूप से गाया जाता था, तो लोगों के भीतर अजेय शक्ति का संचार होता था। अंग्रेज़ सरकार को यह गीत इतना खतरनाक लगा कि उसने इसे सार्वजनिक रूप से गाने पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद यह गीत और भी लोकप्रिय होता गया। स्कूलों, कॉलेजों और मंदिरों में गुप्त रूप से वंदे मातरम गाया जाने लगा। यह गीत प्रतिरोध, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक बन चुका था।

भारत जैसे विविधता भरे देश में जहां भाषा, धर्म और जाति के आधार पर समाज बँटा हुआ था, वहाँ वंदे मातरम ने सबको एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। इस गीत ने सभी वर्गों को एक साझा सांस्कृतिक प्रतीक दिया-'मां'। चाहे बंगाल हो, पंजाब, गुजरात या तमिलनाडु-हर प्रदेश ने इस गीत में अपनी मातृभूमि की छवि देखी। इसने राष्ट्रीय एकता की नींव रखी, जो आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा आधार बनी।




वंदे मातरम के माध्यम से भारतीय राष्ट्रवाद को एक नई भाषा और अभिव्यक्ति मिली। इसने राजनीतिक संघर्ष को धार्मिक उत्सव का रूप दे दिया। यह केवल विदेशी शासन के विरोध का प्रतीक नहीं था, बल्कि अपने भीतर के आत्मसम्मान को पहचानने का आह्वान भी था। इस गीत ने भारतीय समाज को यह बोध कराया कि पराधीनता केवल बाहरी शासन की नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी की भी जंजीर है। जब लोग मातृभूमि को देवी के रूप में पूजने लगे, तब स्वतंत्रता केवल राजनीतिक लक्ष्य नहीं रही, बल्कि यह एक आध्यात्मिक कर्तव्य बन गई।

इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कई महान नेताओं को गहराई से प्रभावित किया। श्री अरविंदो घोष ने कहा था कि वंदे मातरम् वह मंत्र है जो हमें स्वराज्य की प्राप्ति तक ले जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इसे अपने इंडियन नेशनल आर्मी का राष्ट्रीय गीत बनाया। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी जब जेल में जाते या फाँसी का सामना करते, तो उनके होंठों पर वंदे मातरम होता। इसने युवाओं के भीतर बलिदान और वीरता की भावना को प्रबल किया।

सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह गीत भारतीय पुनर्जागरण का प्रतीक बना। उस समय रवींद्रनाथ ठाकुर, अबनिंद्रनाथ ठाकुर, नंदलाल बोस जैसे कलाकार और लेखक भारतीय पहचान को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। वंदे मातरम ने उन्हें एक साझा प्रेरणा दी। भारतीय चित्रकला, नाट्यकला, संगीत और साहित्य में मातृभूमि का रूपांकन इसी गीत से प्रभावित हुआ। यह वह काल था जब भारतीय संस्कृति अपने खोए गौरव को पुनः खोजने में लगी थी और वंदे मातरम उसका सबसे प्रभावशाली प्रतीक बना।

ब्रिटिश शासन के लिए यह गीत विद्रोह का प्रतीक था। अंग्रेज़ इसे धार्मिक विभाजन के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करते रहे, परंतु भारतीयों के लिए यह गीत किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत का प्रतीक था। इसमें हिन्दू देवी-देवताओं के रूपक अवश्य थे, परंतु उसका उद्देश्य किसी धर्म को श्रेष्ठ बताना नहीं, बल्कि मातृभूमि को पवित्रता के स्तर पर प्रतिष्ठित करना था। यह गीत उस समय के सामाजिक-सांस्कृतिक मानस में राष्ट्र की नई परिभाषा गढ़ रहा था-एक ऐसी परिभाषा जिसमें धर्म से ऊपर देशभक्ति थी।

वंदे मातरम् की शक्ति उसकी सरलता और भावनात्मक गहराई में निहित थी। इसकी प्रत्येक पंक्ति भारत के सौंदर्य और गरिमा का बखान करती है। त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी जैसी पंक्ति ने यह संकेत दिया कि भारत की भूमि केवल कोमल नहीं, बल्कि शक्तिशाली भी है-जो अपने बच्चों की रक्षा करने में सक्षम है। इसने भारतीय नारी शक्ति और राष्ट्रशक्ति दोनों को एक रूप में देखने की प्रेरणा दी।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब भी आंदोलन कमजोर पड़ता, वंदे मातरम की गूंज लोगों में फिर से ऊर्जा भर देती। यह गीत लोगों के दिलों में इतना गहराई से बस गया कि यह स्वतंत्रता की प्रतीक ध्वनि बन गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों में इसे गाना परंपरा बन गई। महात्मा गांधी ने इसे भारत की आत्मा का गीत कहा। हालांकि कुछ धार्मिक समुदायों ने इसकी कुछ पंक्तियों पर आपत्ति की, फिर भी अधिकांश भारतीयों के लिए यह राष्ट्र की भावना का सर्वोच्च प्रतीक बना रहा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब भारत का संविधान तैयार हुआ, तब वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दी गई, जबकि जन गण मन को राष्ट्रीय गान के रूप में स्वीकृत किया गया। संविधान सभा की चर्चाओं में यह स्पष्ट किया गया कि वंदे मातरम का सम्मान राष्ट्रगान के समान रहेगा, क्योंकि इसने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में अनुपम योगदान दिया था।

आज भी जब यह गीत गाया जाता है, तो उसकी ध्वनि में वही जोश, वही भक्ति और वही मातृभाव झलकता है जो स्वतंत्रता सेनानियों के समय था। यह गीत हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल राजनीतिक सीमाओं का नाम नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, एक साझा भावना और एक आत्मा है जो हमें एक साथ जोड़ती है।

वंदे मातरम ने औपनिवेशिक भारत में राष्ट्रवाद के बीज बोए और उन्हें एक ऐसे वृक्ष में परिवर्तित किया जिसकी छाया में भारत ने स्वतंत्रता का फल पाया। इसने यह सिद्ध किया कि जब कोई राष्ट्र अपनी संस्कृति, अपनी भाषा और अपनी मातृभूमि को आत्मा के रूप में पहचान लेता है, तो कोई भी बाहरी शक्ति उसे लंबे समय तक दास नहीं बना सकती। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि भारतीय आत्मजागरण का गीत है।

इस गीत ने भारतीय जनमानस को यह सिखाया कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व भी है-अपनी संस्कृति, अपनी मातृभूमि और अपने समाज के प्रति। वंदे मातरम में गूंजती आवाज़ केवल एक कालखंड की नहीं, बल्कि युगों-युगों तक प्रेरणा देने वाली पुकार है। यह पुकार हमें बार-बार स्मरण कराती है कि राष्ट्र की सच्ची शक्ति उसकी एकता, उसकी आस्था और उसके स्वाभिमान में निहित है।

अंततः कहा जा सकता है कि वंदे मातरम ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दिशा दी। यह गीत भारतीय राष्ट्रीयता का वह ज्योति-पुंज बन गया जिसने अंधकारमय औपनिवेशिक काल में प्रकाश फैलाया। आज भी जब इसकी धुन बजती है, तो प्रत्येक भारतीय के भीतर एक अलौकिक गर्व, श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव जाग उठता है। यह केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत है-जो हमें यह सिखाती है कि जब तक वंदे मातरम की भावना जीवित है, भारत की आत्मा अमर है।

## वर्ग पहेली नं. 3259

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | 10 | | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | ■ | | ■ | |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | ■ | ■ | 21 | | | | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | 25 | | ■ | 26 | | 27 | | |
| | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 | | ■ | ■ |
| 31 | | | ■ | 32 | | ■ | 33 | | |

*बायें से दायें:-* 2) हुक्म, 4) यथार्थता, 8) तोतला बोलना, 10) आरंभिक कर्म, 11) भापवाला *(अंग्रेजी)* पतीला, 13) एक संख्या, 14) डंठल, 15) गीला, 16) नक़ली, 18) चीनी, 19) बुरा, 21) लालसा, 22) हाथ का पंजा, 24) छज्जा, 26) समान करने का क्रिया, 28) उपाय, शकल, 30) पलान, 31) छाजन, 32) पुलिस चौकी, 33) झल्लाना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गुनगुना, 2) बेताब, 3) विदित, 4) एक फल, 5) गले लगना, 6) न मैं न तुम, 7) तराई, 9) विवश, 12) गागर, 15) सजीला, 16) गालीगलौज, 17) वश में करनेवाला *(मंत्र)*, 19) साल, 20) विस्तारपूर्वक, 23) युद्ध, 25) एक अन्न, 27) तिरछी नज़र, 29) और.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | ला | ■ | प | रि | चा | रि | का | ■ | दे |
| न्न | ■ | चु | ना | ■ | ल | ■ | म | सी | हा |
| ई | शा | न | ■ | सू | च | ना | ■ | ना | व |
| ■ | ■ | री | छ | ■ | ल | ग | न | ■ | सा |
| छू | ट | ■ | बी | र | न | ■ | म | का | न |
| ■ | मा | मू | ली | ■ | ■ | शं | क | र | ■ |
| ■ | ट | ■ | ■ | स | ब | का | ■ | ना | ■ |
| ब | र | क़ | रा | र | ■ | ■ | सा | मा | न |
| री | ■ | ब्गा | ■ | ल | थ | प | थ | ■ | ब्ज़ |

## सुडोकू-पहेली-3216

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | 6 | | 8 | |
| 4 | 5 | | 3 | | | | 9 | |
| | 8 | 7 | | | 9 | | | |
| 1 | | 4 | 2 | | | | | |
| | | | | | | 7 | 3 | |
| | | | | | | 6 | | |
| 9 | | 6 | | | | | 7 | |
| | | | | 5 | 3 | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3215 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 1 | 9 | 5 | 6 |

# राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गयी है, 2026 में भाजपा को लाना होगा : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व बर्दवान/कोलकाता :** विपक्ष के नेता व वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की तानाशाही सरकार का अत्याचार चरम पर है। कानून व्यवस्था राज्य में पूरी तरह धराशायी हो गयी है। चुनाव आयोग के निर्देश की अवहेलना राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार कर रही है। बीएलओ पर हमले किये जा रहे हैं। हमारे सांसदों और विधायकों को निशाना बनाया जा रहा है। राज्य में महिलाएं, युवतियां, बच्चियां तक सुरक्षित नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचारी तृणमूल



सरकार को राज्य से उखाड़ फेंकने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा को लाना होगा। दरअसल, इस दिन, बर्दवान शहर में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में एक प्रतिवाद जुलूस निकाला गया। बर्दवान कर्जन गेट के पास आयोजित सभा में शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ललकारते हुए कहा कि यदि इस सरकार से बदला लेना है तो आगामी चुनाव में भाजपा को लाना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी राशन कार्ड, वोटर कार्ड और आधार कार्ड बनवाकर बांग्लादेशियों को राज्य में मौजूदा सरकार ने शरण दी है। यदि भाजपा बंगाल में सरकार बनाती है तो किसी भी अवैध बांग्लादेशी को राज्य में रहने नहीं दिया जायेगा।

इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा प्रहार किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ये अवैध बांग्लादेशी राज्य में लव जिहाद, राशन जिहाद आदि फैलाकर पश्चिम बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी पश्चिम बंगाल को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने गढ़ा है और इसे हम लोग बांग्लादेश नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में तृणमूल कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उद्योगों को भगाया है। करीब साढ़े छह हजार से ज्यादा उद्योग राज्य से पलायन कर चुके हैं। 2016 में सरकारी भर्ती में भी अनियमितता हुई है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि भारतीय मुस्लिमों से उन्हें कोई शिकवा नहीं है। उनका अधिकार है भारत में रहने का और वोट देने का, लेकिन अवैध बांग्लादेशियों को नहीं छोड़ा जायेगा। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि यदि 2026 में ममता बनर्जी की सरकार फिर से आती है तो उसके बाद राज्य से हिंदुओं को खदेड़ा जायेगा। इसलिए सभी हिंदुओं को एकजुट होकर भाजपा को बंगाल में लाना होगा, तभी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अभिजीत ता समेत कई नेता मौजूद थे। सभा से पूर्व बर्दवान शहर में एक प्रतिवाद जुलूस भी निकाला गया।

## तृणमूल ने घोषित की प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक सेल की नई कमिटी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के निर्देश पर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक सेल की नई राज्य और जिला कमिटियों की घोषणा की है। शनिवार को जारी सूची में राज्य और जिलों के अध्यक्षों के नामों के साथ-साथ उपाध्यक्षों और संपादकों की नियुक्ति भी की गई है।

नई कमिटी के अनुसार, माध्यमिक शिक्षक सेल के राज्य अध्यक्ष बने हैं प्रीतम कुमार हालदार, जिन्होंने बिजोन सरकार की जगह ली है। वहीं, प्राथमिक शिक्षक सेल के नए राज्य अध्यक्ष बने हैं मोईदुल इस्लाम मोल्ला, जिन्होंने पलाश साधुखां की जगह संभाली है।

पार्टी ने माध्यमिक शिक्षक सेल के लिए 35 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों की सूची भी जारी की है।



इसके अलावा, राज्य कमिटी में 4 उपाध्यक्ष और 16 संपादकों के नाम घोषित किए गए हैं। इसी तरह, प्राथमिक शिक्षक सेल के लिए भी 35 जिला अध्यक्षों, 6 उपाध्यक्षों और 20 संपादकों की घोषणा की गई है।

तृणमूल की ओर से निर्देश दिया गया है कि नई कमिटी पूरे उत्साह और दृढ़ता के साथ संगठनात्मक काम में जुट जाए और राज्यभर में बीजेपी द्वारा एसआईआर (एसआईआर) को लेकर फैलाए जा रहे भय के माहौल का डटकर मुकाबला करे।

## एसआईआर के कार्य में बंगाल सबसे आगे, पांच दिन में बांटे गए 45 प्रतिशत फॉर्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के 12 राज्यों में चल रहे एसआईआर का काम पश्चिम बंगाल में सबसे प्रगति पर है। राज्य में बीते पांच दिनों में 45 प्रतिशत फॉर्म बाटे जा चुके हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण का काम 12 राज्यों में एक साथ शुरू हो गया है। इनमें से तीन केंद्र शासित प्रदेश हैं। इस समय घर-घर जाकर गणना फॉर्म चाँटने का काम चल रहा है। बीएलओ मंगलवार, 4 नवंबर से ही वहां जा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि एसआईआर के काम में बंगाल आगे है। शनिवार तक, यानी पांच दिनों में, बंगाल में 45 प्रतिशत फॉर्म बांटे जा चुके हैं। भाजपा शासित राज्य इस मामले में काफी पीछे हैं। खासकर, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में, आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक 10 प्रतिशत काम भी नहीं हुआ है। चुनाव आयोग की बेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बंगाल में 45 प्रतिशत फॉर्म पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में यह दर केवल 6.32 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 7.37 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 9.97 प्रतिशत है। गौरतलब है कि ये तीनों ही राज्य भाजपा शासित है। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, अंडमान और निकोबार, पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेश एसआईआर के काम में काफी आगे हैं। अंडमान और निकोबार ने 51.09 प्रतिशत, पुडुचेरी ने 87.75 प्रतिशत और लक्षद्वीप ने 29.35 प्रतिशत फॉर्म वित्तरण पूरा कर लिया है। वहीं, भाजपा शासित गोवा ने 89.46 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। हालांकि, इन सभी राज्यों की जनसंख्या पश्चिम बंगाल से काफी कम है।

## जेल में बैठकर एसएससी परीक्षा दी, लेकिन परिणाम में 'अनुपस्थित'! उम्मीदवार हाई कोर्ट पहुंचा

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताज़ा मामला उस उम्मीदवार का है जिसने जेल में रहकर परीक्षा दी, फिर भी नतीजों में उसे 'अनुपस्थित' दिखाया गया। इस घटना को लेकर उम्मीदवार अब्दुल सत्तार अब कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाने जा रहे हैं। सोमवार को इस मामले में उनके वकील फिरदौस शमीम न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के समक्ष याचिका दायर करेंगे।

वकील ने सवाल उठाया है कि जब हाईकोर्ट के आदेश पर अब्दुल सत्तार ने एसएससी की



नवम-दशम (क्लास 9-10) और एकादश-द्वादश (क्लास 11-12) शिक्षक भर्ती परीक्षा दी, तो नतीजों में उन्हें 'अनुपस्थित' कैसे दिखाया गया? अगर वह परीक्षा में अनुपस्थित थे, तो फिर परीक्षा दी किसने?- वकील ने यह गंभीर प्रश्न उठाया।

दरअसल, अब्दुल सत्तार इस समय बोलपुर सुधार गृह (जेल) में न्यायिक हिरासत में हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर उन्हें जेल के भीतर ही परीक्षा देने की अनुमति दी गई थी। वकील फिरदौस शमीम ने कहा, राज्य सरकार ने पहले कोर्ट को बताया था कि उनके उत्तरपत्र निर्धारित लॉक नंबर के साथ जमा किए गए हैं और सुरक्षित हैं।

लेकिन हाल में घोषित परिणाम में उन्हें 'अनुपस्थित' दिखाया गया है। इस पर वकील ने सवाल उठाया, जब हाईकोर्ट के आदेश पर जेल में परीक्षा करवाई गई, तो फिर स्कूल सर्विस कमीशन ने मूल्यांकन कैसे किया? यह मामला अब एसएससी की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

## एसएसकेएम से बड़ी सीख, अब एनआरएस अस्पताल में सख्त कदम

**कोलकाता :** एसएसकेएम अस्पताल की घटनाओं से सबक लेते हुए अब एनआरएस मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल ने बाहरी लोगों की आवाजाही और मरीजों की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर बनकर आए एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न और महिला वार्ड में बाहरी युवक के प्रवेश की घटनाओं के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है।




इसी के मद्देनज़र एनआरएस अस्पताल ने आदेश जारी किया है कि सभी डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों और छात्रों को काम के दौरान अपने पहचान पत्र (आईडी कार्ड) अनिवार्य रूप से साथ रखना होगा। यदि कोई कर्मचारी या छात्र आईडी कार्ड साथ नहीं रखता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह कदम न केवल मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि अस्पताल परिसर में बाहरी लोगों की अनधिकृत प्रवेश को भी रोकेगा।

## चांदनी चौक में सीईएससी ट्रांसफार्मर में आग लगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के चांदनी चौक इलाके में रविवार की सुबह सीईएससी (कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कॉर्पोरेशन) के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 100 केवीए ट्रांसफार्मर में सुबह करीब 7.45 बजे आग लगी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। लगभग एक घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## धार्मिक पुस्तकें खरीदते समय कोलकाता इस्कॉन से 2 करोड़ रुपये की ठगी, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** धार्मिक पुस्तकें खरीदते समय कोलकाता इस्कॉन से 2 करोड़ रुपये की ठगी हुई। आरोप है कि आपूर्तिकर्ता ने ऑर्डर से कम किताबें सप्लाई करके और फर्जी बिल जारी करके पैसे का गबन किया। पुलिस आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अदालत ने उसे 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। पता चला है कि कुछ साल पहले इस्कॉन ने बड़ी संख्या में किताबें ऑर्डर की थीं। आपूर्ति के प्रभारी देवराज भट्टाचार्य ने उन्हें डिलीवर किया। कथित तौर पर, देवराज ने ऑर्डर की गई संख्या में किताबें डिलीवर




नहीं कीं। हालांकि, उन्होंने फर्जी बिल जमा करके 2 करोड़ रुपये ले लिए। बाद में, ऑडिट के दौरान अनियमितताएं पाई गईं। उसके बाद, 2019 में शेक्सपियर सरणी थाने में देवराज और उनके एक सहयोगी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। तब से पुलिस देवराज की तलाश कर रही थी। इस बीच, वह लंबे समय से अलग-अलग जगहों पर छिपा हुआ था। अदालत ने वारंट भी जारी किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, देवराज इसी हफ्ते कोलकाता लौटा था। पुलिस ने उसे शनिवार की रात गिरीश पार्क इलाके से गिरफ्तार किया। उसे रविवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 9 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद गिरोह के बाकी सदस्यों की पहचान हो जाएगी।

## एसएसकेएम में मोबाइल फोन चोरी के शक में पुलिस के सामने युवक की सामूहिक पिटाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएसकेएम में मोबाइल फोन चोरी के शक में पुलिस के सामने एक युवक की पिटाई का आरोप। आरोप मरीज के परिजनों पर लगे हैं। घटना को लेकर अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि पुलिस पीड़ित युवक को बचाकर भवानीपुर थाने ले गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोप है कि पिछले कुछ समय से अस्पताल परिसर में ठहरे मरीजों के परिजनों के पैसे और मोबाइल फोन गायब हो रहे थे। लेकिन, कोई यह पता नहीं लगा पा रहा था कि इसके पीछे कौन है। बताया जा रहा है कि रविवार को एक युवक मोबाइल फोन चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा गया था। स्वाभाविक रूप से सभी का गुस्सा उस पर फूट पड़ा। आरोप है कि



अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों ने युवक पर हमला कर दिया। उन्होंने उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि अस्पताल में तैनात पुलिस के सामने ही युवक की पिटाई की गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। पीड़िता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अगर आरोप साबित होते हैं, तो दोषियों को सज़ा दी जाएगी।

## दमदम में किशोरी के यौन शोषण के आरोपियों को मृत्युदंड की मांग पर निकला मार्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली समर्थक एक समूह ने रविवार को दमदम में मार्च निकाला और हाल ही में क्षेत्र में 14 वर्षीय एक लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोपी तीन युवकों को मृत्युदंड की सजा देने की मांग की। उल्लेखनीय है कि आरोपी राजेश पासवान, विक्की पासवान और संजू साईं, आठवीं कक्षा की छात्रा के कथित अपहरण और उत्पीड़न के सिलसिले में पुलिस हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों ने लड़की का अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में ट्यूशन से लौटते समय कथित तौर पर अपहरण कर लिया था और बाद में उसके घर के पास छोड़ दिया था। उन पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मामला दर्ज किया गया है। महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने



हवाई अड्डा गेट नंबर एक से कालीधन कॉलोनी और गोराबाजार होते हुए नगरबाजार तक दो किलोमीटर से अधिक की दूरी तक मार्च निकाला और आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की। 'बांग्ला पोक्खो' समूह के महासचिव गर्गा चटर्जी ने कहा कि राजनीतिक दल वोट खोने के डर से इस भयावह घटना पर चुप हैं, लेकिन हम तब तक सड़क पर रहेंगे जब तक अपराधियों को कड़ी सजा नहीं मिल जाती और बंगाली बेटियां सुरक्षित नहीं हो जातीं।

## न्यूटाउन में ज्वेलरी व्यापारी की हत्या! जांच की जिम्मेदारी डिटेक्टिव डिपार्टमेंट को सौंपी गई

**कोलकाता :** न्यूटाउन में सोने के व्यापारी स्वप्न कमिला की हत्या के मामले में एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पहले इस हत्याकांड की जांच बिधाननगर दक्षिण थाना पुलिस कर रही थी, लेकिन अब जांच की जिम्मेदारी बिधाननगर के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट को सौंप दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के दिन घटनास्थल पर कुल छह लोग मौजूद थे। इस पूरे मामले में राजगंज के बीडीओ प्रशांत बर्मन का नाम भी सामने आया है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार दो आरोपियों - राजू ढाली और तूफान थापा - ने स्वीकार किया है कि वे हत्या के समय मौके पर मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक, राजू




ढाली, बीडीओ प्रशांत बर्मन का ड्राइवर था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार ड्राइवर दक्षिण बंगाल का रहने वाला है, जबकि बाकी पांच संदिग्धों के घर उत्तर बंगाल में हैं।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या की असली वजह क्या थी - व्यापारिक विवाद या किसी साजिश का परिणाम। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने जांच की दिशा को और तेज कर दिया है।

## 100 लोगों का सामुदायिक विवाह कराएगा राजभवन, जरूरतमंद परिवारों से आवेदन मांगे

**कोलकाता, समाज्ञा**

विभिन्न राजनीतिक दलों और जन संगठनों की पहल पर साल के अलग-अलग समय पर अलग-अलग जगहों पर सामूहिक विवाह आयोजित किए जाते हैं। इनमें गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के विवाह की व्यवस्था की जाती है। इस बार, राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि 23 नवंबर को राजभवन में एक सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होने जा रहा है। इस दौरान, 100 जोड़ों के विवाह की व्यवस्था की जा रही है। इस विवाह समारोह के लिए सनई बजाने से लेकर रोशनी और सजावट तक, सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसमें समाज के प्रमुख लोग भी आमंत्रित किए जाएंगे। विवाह समारोह का नेतृत्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस करेंगे।

राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी ने बताया कि आगामी 23 नवंबर को सीवी आनंद बोस राज्यपाल के रूप में अपना तीसरा वर्ष पूरा करेंगे और उनका चौथा वर्ष शुरू होगा। इसी उद्देश्य से राज्य के लोगों के लिए कई रचनात्मक और लाभकारी गतिविधियों पर विचार किया गया है, जो आम लोगों के लिए लाभकारी होंगी। इन्हीं में से एक सामूहिक विवाह है। राजभवन विवाह समारोह के आयोजन की व्यवस्था करेगा। विवाह समारोह का खर्च वहन करेगा और दंपत्तियों को प्रतीकात्मक उपहार भी दिए जाएंगे। राजभवन के सूत्रों का दावा है कि कुल 100 विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। मूल रूप से समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चे इस आयोजन में विवाह बंधन में बंध सकेंगे। इस अवसर को प्राप्त करने के लिए वर और वधू दोनों को राजभवन से संपर्क करना होगा। आवेदन शनिवार से 16 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

विवाह के लिए सभी आवश्यक विवरण, जैसे नाम, पता, दस्तावेज, तस्वीरें आदि, राजभवन को भेजने होंगे। आवेदन के साथ भेजे गए दस्तावेजों की प्रामाणिकता सत्यापित करने के लिए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी या राजपत्रित अधिकारी या जनप्रतिनिधि से प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा। इसके लिए peace-roomrajbhavang-mail.com, generalcellgsgmail.com और specialcellgsg-mail.com पर ईमेल भी किया जा सकता है। आवेदक आवेदन पत्र भेजने या किसी भी समस्या के लिए सीधे टेलीफोन लाइन के माध्यम से संपर्क करने के लिए राजभवन पीबीएक्स नंबर 033-22001641 पर कर सकते हैं।

## तृणमूल कांग्रेस में बढ़ी कलह, बनगांव चेयरमैन को मिला इस्तीफे का नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव नगरपालिका में राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। रविवार को तृणमूल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के उत्तर 24 परगना (बनगांव) सांगठनिक जिलाध्यक्ष विश्वजीत दास ने नगरपालिका के चेयरमैन गोपाल सेठ को अगले सात दिनों के भीतर पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया है। विश्वजीत दास ने इस संबंध में गोपाल सेठ को एक औपचारिक पत्र भेजा है। जानकारी के अनुसार, पार्टी ने पहले ही छह नवंबर को इस्तीफे का निर्देश दिया था, लेकिन गोपाल सेठ ने अब तक उस आदेश का पालन नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक, बनगांव नगरपालिका के 17 पार्षदों की एक बैठक भी हुई थी, जिसमें पार्टी के




निर्देश को मान्यता दी गई। विश्वजीत दास ने कहा कि बैठक में तय निर्णय की जानकारी आधिकारिक रूप से पत्र के माध्यम से गोपाल सेठ को दे दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गोपाल सेठ अगले सात दिनों में इस्तीफा नहीं देते हैं, तो पार्टी कठोर कार्रवाई करेगी। इस घटनाक्रम के बाद बनगांव की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और स्थानीय राजनीतिक हलकों में तृणमूल कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

## एकादश-द्वादश शिक्षक भर्ती में बढ़ेगी सीटें, बुधवार तक आएगी नई सूची - एसएससी का ऐलान

**कोलकाता :** राज्य में कक्षा 11-12 (एकादश-द्वादश) के लिए शिक्षक भर्ती में रिक्त पदों की संख्या और बढ़ने जा रही है। शुक्रवार को स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने इस परीक्षा का परिणाम जारी किया था। लेकिन परिणाम जारी होते ही वेबसाइट पर भारी दबाव के कारण कई उम्मीदवार अपने नतीजे नहीं देख पाए। तकनीकी गड़बड़ी के बाद शनिवार को आयोग ने उम्मीदवारों की सुविधा के लिए नया पोर्टल शुरू किया, जिससे सभी अभ्यर्थी अपने परिणाम देख सके।

वर्तमान में 12,514 पद रिक्त हैं, लेकिन एसएससी सूत्रों के



अनुसार, इन पदों की संख्या 700 से 800 तक बढ़ाई जा सकती है। सटीक संख्या बुधवार तक ज्ञात होने की संभावना है। विकाश भवन से अतिरिक्त रिक्तियों की सूची मिलने के बाद, उन्हीं के आधार पर शिक्षक भर्ती के लिए इंटरव्यू सूची तैयार की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, हर 100 रिक्त पदों पर 160 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा, यानी 1:6 के अनुपात में चयन प्रक्रिया चलेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए उम्मीदवार लंबे समय से रिक्त पद बढ़ाने की मांग कर रहे थे। छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित रखने के लिए सरकार ने नवम-दशम और एकादश-द्वादश दोनों स्तरों पर पद बढ़ाने का निर्णय लिया है।

आयोग के अनुसार, बुधवार या गुरुवार तक विकाश भवन से अंतिम आंकड़ा आने की उम्मीद है। इसके बाद 80 अंकों के आधार पर दस्तावेज़ सत्यापन और इंटरव्यू सूची तैयार की जाएगी, जिसे आयोग अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप विजेता ऋचा घोष का कोलकाता पुलिस ने किया सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप विजेता खिलाड़ी और बंगाल की शान ऋचा घोष का शनिवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में भव्य स्वागत किया गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके शानदार प्रदर्शन और देश-राज्य का नाम रोशन करने के लिए कोलकाता पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ऋचा घोष को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके समर्पण, मेहनत तथा दृढ़ संकल्प की सराहना की। ऋचा की सफलता को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि उनकी यह यात्रा यह दर्शाती है कि लगन और निरंतर प्रयास से हर सपना साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में कोलकाता पुलिस ने उनके इस विशेष दौरे की कुछ झलकियाँ साझा कीं, जिनमें ऋचा घोष के सम्मान समारोह के यादगार पल कैद रहे।



# कालना में सड़क किनारे पड़े एन्यूमरेशन फार्म उठाने के दौरान भाजपा बीएलए को लिया गया हिरासत में

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कालना इलाके में शनिवार की सुबह सड़क किनारे 27 एन्यूमरेशन फॉर्म बरामद होने से हड़कंप मच गया। घटना उत्तर गोयारा इलाके के मंडलपाड़ा के पास स्थित राज्य मार्ग पर हुई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सुबह में लोगों ने सड़क पर कई कागज बिखरे देखे। तभी, भाजपा के बीएलए काशीनाथ मंडल उन कागजों को उठाने लगे। पास के कुछ लोगों ने जब उनसे पूछा कि ये कागज क्या हैं, तो पता चला कि ये दक्षिण दिनाजपुर जिले के



जगन्नाथबाटी क्षेत्र के एन्यूमरेशन फॉर्म हैं। स्थानीय लोगों ने काशीनाथ मंडल से कहा कि वे ये फॉर्म पुलिस को सौंप दें। कुछ ही देर में खबर पाकर कालना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फॉर्म बरामद कर लिए। पुलिस काशीनाथ मंडल को पूछताछ के लिए थाने ले गई। काशीनाथ मंडल ने पुलिस को बताया कि वह सड़क से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने फॉर्म देखे और प्रशासन को सौंपने के लिए उठा लिए थे।

स्थानीय तृणमूल नेता संदीप बसु ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि भाजपा के एक कार्यकर्ता के पास प्रशासन द्वारा वितरित किए जा रहे फॉर्म कैसे पहुंचे? हमारे किसी कार्यकर्ता के पास ऐसे फॉर्म नहीं हैं। भाजपा और चुनाव आयोग एक-दूसरे के पूरक की तरह काम कर रहे हैं। लेकिन बंगाल की जनता उनके इस षड्यंत्र को नाकाम कर देगी। वहीं, भाजपा के स्थानीय मंडल अध्यक्ष गौर मंडल ने पलटवार करते हुए कहा कि हमारा कार्यकर्ता सड़क पर पड़े फॉर्म को उठाकर बीडीओ कार्यालय में जमा कराने जा रहा था, लेकिन तृणमूल कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक कारणों से उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस तृणमूल के दबाव में काम कर रही है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उत्तर दिनाजपुर प्रशासन की एक गाड़ी कोलकाता से बालुरघाट की ओर जा रही थी, तभी कुछ फॉर्म दुर्घटनावश रास्ते में गिर गए। कालना के एसडीपीओ राकेश कुमार चौधरी ने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए लाया गया है। यह जांच की जा रही है कि सड़क पर फॉर्म कैसे पहुंचे।

# मेमारी में एसआईआर का काम कर रही महिला बीएलओ की ब्रेन स्ट्रोक से मौत

**पूर्व बर्दवान :** एसआईआर का काम कर रही एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की मौत के कारण जहां हंगामा मच गया है। वहीं, बीएलओ नमिता हांसदा की मौत पर राजनीति का पारा औप अधिक चढ़ गया है। ऐसे में मृतका के पति व परिजनों का आरोप है कि एसआईआर के दबाव के कारण ही उक्त घटना घटी है। मृतका के परिवार का आरोप है कि काम के दबाव में ब्रेन स्ट्रोक से उनकी मौत हो गई। बूथ पर गणना फॉर्म बांटते समय नमिता हांसदा की तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और वहीं उनकी मौत हो गई। परिवार का दावा है कि फॉर्म बांटने के लिए बीएलओ पर दबाव था। वह डिप्रेशन में थी। परिवार का आरोप है कि इसी वजह से उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ। परिवार को मामले की जांच का आश्वासन दिया गया है। बीएलओ नमिता मेमारी की बोहर-2 पंचायत के चक बलराम गांव की निवासी थीं और स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता थीं। परिवार का दावा है कि शनिवार की दोपहर गांव के कोंडा पारा में गणना प्रपत्र बांटते समय नमिता अचानक जमीन पर गिर पड़ीं। उन्हें कालना उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नमिता के पति ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी काफी मानसिक तनाव में थीं। क्योंकि उनके बूथ पर 1200 से ज़्यादा मतदाता थे। फॉर्म जल्दी जमा क्यों नहीं हो रहे थे, चुनाव आयोग बार-बार उन पर फॉर्म जल्दी जमा करने का दबाव बना रहा था। एक पति होने के नाते, उन्होंने अपनी पत्नी को बार-बार समझाया कि इतना दबाव लेने की ज़रूरत नहीं है। उन्हें धीरे-धीरे काम करना चाहिए। लेकिन नमिता ने अपने पति को बताया कि चुनाव आयोग के अधिकारी उन पर दबाव डाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। परिवार वालों का मानना है कि यह मानसिक तनाव का नतीजा था। अस्पताल का भी मानना है कि उनकी मौत ब्रेन स्ट्रोक के कारण हुई। तमाम कोशिशों के बावजूद, नमिता को आखिरकार बचाया नहीं जा सका। उस रात उन्हें कहीं और ले जाने का कोई रास्ता नहीं था। आखिरकार नमिता की मौत हो गई।

### एसआईआर के डर से भागने की कोशिश में पकड़े गए तीन बांग्लादेशी नागरिक

**कूचबिहार :** एसआईआर के डर के बीच तीन बांग्लादेशी नागरिक भारत से बांग्लादेश भागने की कोशिश करते पकड़े गए है। जबकि, दो भारतीय नागरिक भी उनकी भागने की कोशिश में मदद करते पकड़े गए है। सीमा सुक्षा बल (बीएसएफ) की 162वीं बटालियन के अधिकारियों ने दोलबारी सीमा क्षेत्र से पकड़ा। बाद में, पांचों को साहेबगंज पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। रविवार को पांचों को दिनहाटा महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के नाम जैस्मीन रहमान, खालिदा अख्तर और मो. हसन अली है। यह सभी बांग्लादेश के निवासी है। जबकि, माहिर उद्दीन शेख और नजरुल शेख भारत के निवासी है। इन दोनों को सीमा पार कराने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## राज्य गान को लेकर जीटीए के साथ कोई गफलत नहीं : ब्रात्य बसु

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने स्पष्ट किया है कि स्कूलों में राज्य गान 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' के गायन को लेकर जीटीए के साथ कोई गलतफहमी नहीं है। बता दें कि राज्य सरकार ने राज्य की संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित इस गीत को राज्य के हर स्कूल में गाने का फैसला किया है। शुरुआत में, पता चला था कि पहाड़ी इलाकों में स्थानीय जीटीए प्रशासन के कुछ सदस्य शुरू में इस फैसले को स्वीकार नहीं करना चाहते थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला पूरी तरह से अफवाह है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई गलतफहमी नहीं है। स्थानीय परंपराओं और संस्कृति के महत्व को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शिक्षा मंत्री एक्स हँडले ने कहा कि उन्होंने जीटीए प्रशासन से संपर्क कर चर्चा की है। किसी भी कीमत पर अखंडता बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, राजकीय संगीत विद्यालय की प्रार्थना सभा में गीत गाए जाएंगे। जीटीए अधिकारियों ने सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान गाने पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। इस मुद्दे पर जीटीए अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। उन्होंने एक सुझाव दिया है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि स्कूलों में सुबह की प्रार्थना करते समय स्थानीय परंपराओं और संस्कृति के महत्व को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसमें कोई गलतफहमी नहीं है।

## कर्नल जेके सिंह ने रक्षा राज्यमंत्री को टाइमलेस लेसन्स फ्राम द आर्मी पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेना दिवस व गणतंत्र दिवस परेड के हिंदी कमेंटेटर और अपनी दमदार आवाज के लिए मशहूर धनबाद निवासी सेना वीरता पदक विजेता सेवानिवृत्त कर्नल जेके सिंह ने रविवार को रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ को 'टाइमलेस लेसन्स दैट अ कामन मैन कैन लर्न फ्राम द आर्मी' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की। यह पुस्तक कर्नल जेके सिंह द्वारा ही लिखी गई है तथा उनकी पत्नी श्रीमती नीतिका सिंह द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक में भारतीय सेना के अनुभवों और जीवन मूल्यों को इस रूप में प्रस्तुत किया गया है कि उनसे हर नागरिक अपने जीवन के लिए प्रेरणा ले सकता है। इस अवसर पर नीतिका सिंह ने अपनी पेंटिंग भी रक्षा राज्यमंत्री को भेंट की। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इस पुस्तक की सराहना की और कहा कि यह साहस, अनुशासन और मानवीयता के उन मूल्यों को उजागर



करती है जो भारतीय सेना को विशिष्ट बनाते हैं। यह पुस्तक कर्नल जेके सिंह के तीन दशकों के सैन्य अनुभवों पर आधारित है, जिनमें उनके द्वारा पूर्व में भी सैन्य पत्रिकाओं, मीडिया लेखों और राष्ट्रीय प्रसारणों में साझा की गई अनेक प्रेरक घटनाएं शामिल हैं। इनमें सबसे उल्लेखनीय घटना श्रीनगर में छह आतंकवादियों को जीवित पकड़ने की है, जिनमें एक जिला कमांडर भी शामिल था - जो असाधारण साहस और नेतृत्व का उदाहरण है। पुस्तक में सैनिक जीवन की नाजुकता, हर क्षण को जीने की भावना और अनुशासन, भाईचारे और आत्मबल जैसे मूल्यों को गहराई से दर्शाया गया है। इसमें ऐसे क्षणों का उल्लेख है जब मृत्यु बस कुछ सेकंड की दूरी पर थी। यह पुस्तक उन बलिदानियों, सैनिकों और नागरिकों को समर्पित है जो प्रतिदिन संघर्षों का सामना करते हैं। यह पाठकों को यह याद दिलाती है कि जीवन स्वयं एक युद्धभूमि है और हर हृदय में एक योद्धा की भावना बसती है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, जो अपनी विनम्रता, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जाने जाते हैं, ने कर्नल जेके सिंह और नीतिका सिंह को इस प्रेरक कृति के लिए बधाई दी और उनके प्रयास की सराहना की।

## दिसंबर से पश्चिम बंगाल में काम शुरू करेगा जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण, व्यापारियों ने जताई खुशी



सुशील पोद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में व्यापारियों और उद्योग जगत के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। लंबे इंतजार के बाद राज्य में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) अपीलीय न्यायाधिकरण दिसंबर से कार्य करना शुरू करेगा। इस फैसले से टैक्स विवादों और अपीलों के त्वरित निपटारे का रास्ता साफ हो गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह न्यायाधिकरण जीएसटी अधिकारियों और आयुक्तों द्वारा पारित आदेशों के खिलाफ दायर अपीलों की सुनवाई करेगा। इसके शुरू होने से हाई कोर्ट में लंबित मामलों के बोझ में कमी आने की उम्मीद है। अधिसूचना के अनुसार, प्रधान पीठ नई दिल्ली में होगी, जबकि राज्य स्तरीय पीठें विभिन्न राज्यों में - जिनमें कोलकाता भी शामिल है - कार्य करेंगी। हर पीठ में एक न्यायिक सदस्य और एक तकनीकी सदस्य होंगे। कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडबल्यूबीटीए) और फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया वेलफेयर ऑफ ट्रेडर्स (एफएआईवीएम) के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय ट्रेडर वेलफेयर बोर्ड के सदस्य **सुशील पोद्दार** ने कहा, पश्चिम बंगाल में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की शुरुआत छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। अब अपील के लिए अन्य राज्यों या हाई कोर्ट का रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे प्रक्रिया तेज, निष्पक्ष और सुलभ बनेगी।

## प्रेमी ने सोशल मीडिया पर डाली अश्लील तस्वीर, प्रेमिका ने की आत्महत्या की कोशिश

**बीरभूम :** जिले के मुरारई इलाके में एक प्रेमी युवक द्वारा दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी प्रेमिका को वीडियो कॉल पर उसकी अशालीन तस्वीरों को लेकर शल मीडिया पर वायरल करने की घटना की जानकारी मिलने पर छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर हालत में छात्रा को रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद छात्रा के परिजनों द्वारा थाने में दायर अभियोग के बाद पुलिस ने आरोपी युवक जाहिर शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जाहिर अपनी प्रेमिका को वीडियो कॉल कर उसे बहला फुसलाकर उसकी अशालीन तस्वीर चुपके से ले ली थी।



उसके बाद छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा द्वारा इनकार करने पर उसने उक्त तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी जाहिर शेख को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा की वायरल तस्वीरों को सोशल मीडिया से हटाया गया है।

## ऑल इंडिया टैक्स प्रैक्टिशनर्स फेडरेशन ने मनाया स्वर्ण जयंती वर्ष, कोलकाता में हुआ भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया टैक्स प्रैक्टिशनर्स फेडरेशन ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से देशभर से आए 400 से अधिक टैक्स पेशेवरों को एक मंच पर एकत्र किया, जहां डिजिटल युग में कराधान के भविष्य पर चर्चा की गई। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों न्यायमूर्ति राजेश बिंदल एवं न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां जिनकी उपस्थिति ने टैक्स नीति और प्रशासन में न्यायिक दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया। फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारियों सम्मेलन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, ज़ोनल कोषाध्यक्ष भास्कर सिन्हा रॉय, ज़ोनल सचिव सुदीप नोपानी, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति सदस्य देवेश पोद्दार, सम्मेलन सचिव



गिरधर ढेलिया, सम्मेलन समिति सदस्य श्याम अग्रवाल व राजेश मिश्राने सम्मेलन का नेतृत्व किया। सम्मेलन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर विशेषज्ञों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स एडवोकेट्स तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो दिनों के इस गहन सम्मेलन में प्रतिभागियों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया, जिनमें कर प्रशासन का डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में कराधान, कम्प्लायंस और असेसमेंट प्रक्रियाओं का स्वचालन, जीएसटी, आयकर और अंतरराष्ट्रीय कराधान की उभरती चुनौतियाँ, तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं और इंटरएक्टिव वर्कशॉप्स में कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और तकनीक-संचालित बनाने के उपायों पर विचार साझा किए गए। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए सम्मेलन अध्यक्ष श्री विवेक अग्रवाल ने कहा कि फेडरेशन के 50 गौरवशाली वर्षों का यह उत्सव हमारे उत्कृष्टता, ज्ञान-साझेदारी और एक निष्पक्ष व भविष्यवादी कर प्रणाली के प्रति समर्पण को पुनः स्थापित करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की वास्तविकता है। स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि फेडरेशन आगामी वर्षों में नीति-निर्माण, प्रोफेशनल विकास और तकनीकी नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

### न्यूज अपडेट

### मानव तस्करी के खिलाफ पूर्व रेलवे आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 45 तस्कर गिरफ्तार, 976 बच्चे सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने वर्ष 2025 के 1 जनवरी से अक्टूबर तक के दौरान मानव तस्करी और असहाय बच्चों की सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन आहट (एक्शन अगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के तहत आरपीएफ ने 23 मामलों का पता लगाया और 108 तस्करी पीड़ितों को बचाया, जिनमें 92 नाबालिग और 16 वयस्क शामिल हैं। इस दौरान 45 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। ये कार्रवाइयां हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों में की गईं। वहीं, ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत, आरपीएफ ने देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले 976 बच्चों को बचाया, जिनमें 591 लड़के और 385 लड़कियां शामिल थीं। इनमें, हावड़ा मंडल से 389, आसनसोल से 280, मालदह से 191 और सियालदह मंडल से 116 बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। सभी बच्चों को आगे की देखभाल और पुनर्वास के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन और बाल कल्याण समितियों को सौंपा गया।

### जोमैटो डिस्ट्रिक्ट ने लॉन्च किए विशेष कलनरी अनुभव, कोटक सॉलिटेयर ग्राहकों को मिला एक्सक्लूसिव एक्सेस

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो ने कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से भारत में लक्जरी डाइनिंग का नया अध्याय शुरू किया है। इस पहल के तहत कोटक सॉलिटेयर क्रेडिट कार्ड धारकों को जोमैटो के एक्सक्लूसिव डाइनिंग अनुभवों के लिए प्री-सेल एक्सेस मिलेगा। इसकी शुरुआत हिमालयन मलेशियन कुजीन से हुई, जिसे शेफ प्रतीक साधु और डैरन तियोह ने कसौली में तैयार किया है। इन अनुभवों में मिशलिन-स्टार्ड शेफ्स के इंटिमेट शेफ्स टेबल्स और ग्लोबल मिक्सोलॉजी आइकॉन्स के शानदार ईवेंट शामिल हैं। ग्राहकों को डिस्ट्रिक्ट ऐप के जरिए डाइनिंग पर 20% तक की छूट, प्रायोरिटी टेबल बुकिंग और 1 में जोमैटो गोल्ड मेंबरशिप जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कोटक महिंद्रा बैंक की ज्योति समजपति ने कहा कि यह सहयोग ग्राहकों को दुर्लभ और यादगार अनुभव प्रदान करने का प्रयास है। डिस्ट्रिक्ट के प्रवक्ता ने इसे भारत के फाइन डाइनिंग कल्चर को नई दिशा देने वाला मूवमेंट बताया।

### विज्ञान, समाज और युवाओं के संगम का मंच बना 'नोबेल प्राइज डायलॉग इंडिया 2025'

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा ट्रस्ट्स की साझेदारी में आयोजित नोबेल प्राइज डायलॉग इंडिया 2025 ने विज्ञान, समाज और युवाओं के बीच संवाद को नई प्रेरणा दी। बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय द फ्यूचर वी वांट रहा। इसमें नोबेल पुरस्कार विजेताओं, वैज्ञानिकों, विचारकों और छात्रों ने भाग लिया। टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ ने कहा कि भारत की असली ताकत उसके लोगों की सीखने की क्षमता में है और ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए। नोबेल विजेता डेविड मैकमिलन ने जलवायु परिवर्तन के समाधान में विज्ञान की भूमिका पर जोर दिया, जबकि जेम्स रॉबिन्सन ने संस्कृतियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को प्रगति की कुंजी बताया। कार्यक्रम में टोलुला ओनी, मोंटेक सिंह अहलूवालिया और गगनदीप कांग जैसे विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। कला और संगीत के संगम से सजे इस आयोजन ने भारत की युवा ऊर्जा और नवाचार भावना को उजागर किया।

### वर्ल्ड डायबिटीज डे: स्वस्थ जीवनशैली के लिए आहार में शामिल करें कैलिफोर्निया बादाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल 14 नवंबर को मनाया जाने वाला वर्ल्ड डायबिटीज डे मधुमेह के प्रति जागरूकता और इसके प्रभावी नियंत्रण पर केंद्रित है। विशेषज्ञों का मानना है कि संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना डायबिटीज प्रबंधन की दिशा में सबसे अहम कदम है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना एक मुट्ठी कैलिफोर्निया बादाम का सेवन ब्लड शुगर नियंत्रण में मददगार साबित हो सकता है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड - डाइटेटिक्स, ऋतिका समद्दार ने कहा, लाइफस्टाइल और खानपान की आदतें डायबिटीज के प्रमुख कारणों में से हैं। एक संतुलित आहार, जिसमें दालें, कैलिफोर्निया बादाम जैसे नट्स, हरी पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज शामिल हों, ब्लड शुगर में अचानक बढ़ोतरी को रोकने में मदद करता है। विशेष रूप से बादाम प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं तथा टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में ग्लूकोज नियंत्रण को बेहतर बनाते हैं।

### भागलपुर से उधना तक चलेगी एकतरफा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए भागलपुर से उधना तक एकतरफा अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेलवे के अनुसार, 03415 भागलपुर-उधना अनारक्षित एकतरफा विशेष ट्रेन 12 नवंबर 2025 को सुबह 05:00 बजे भागलपुर से रवाना होगी और अगले दिन शाम 06:00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 23 स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें सुल्तानगंज, बरीयारपुर, जमालपुर और अभयपुर प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। रेलवे ने बताया कि यह विशेष ट्रेन त्योहारों और यात्रा सीजन में बढ़ी हुई भीड़ को नियंत्रित करने तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, रेवरेंस- 2025 संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क, कोलकाता का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, रेवरेंस- 2025, 8 नवंबर को साइंस सिटी ऑडिटोरियम में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस भव्य सांस्कृतिक समारोह की शुभ शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और गुरु वंदना के मंगलाचरण के साथ हुई। विद्यालय के गायक दल ने आदि अनंत नामक स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात् विद्यालय के वाद्य दल (ऑर्केस्ट्रा) द्वारा प्रस्तुत की गई प्रसिद्ध जेम्स् बांड थीम 007-लाइसेंस टू थ्रिल की पुनः कल्पित जोशीली सिम्फनी ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई प्रतिष्ठित अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने- जिनमें विद्यालय प्रबंधन के सदस्य, शहर के सुप्रसिद्ध विद्यालयों के प्राचार्य शामिल थे। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे योशिहिसा इशिकावा जो भारत में जापान के कौंसिल जनरल



हैं। इसके अलावा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रताप बिस्वास कोलकता पूर्वी कमान के डेपुटी कमिश्नर (2)भी उपस्थित रहें।

दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क सदैव ही पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक दृष्टिकोण के समन्वय द्वारा ज़िम्मेदार और भविष्य उन्मुख नागरिकों को तैयार करने का प्रयास करता आया है। रेवरेंस 2025 इसी परंपरा का प्रतीक रहा जिसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों को सम्मानित करना था जिन्होंने अपने अटूट लगन और परिश्रम के बल पर शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित कीं। ओमदयाल एजुकेशन एंड रिसर्च सोसाइटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी गणमान्य अतिथियों के बीच उपस्थित रहें। उन्होंने छात्रों की अद्भुत प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये युवा शक्ति ही भविष्य निर्माता हैं तथा इनकी जिज्ञासा और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण भाव इन्हें सदा प्रगति की ओर उन्मुख होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों की शिक्षा के प्रति लगन की सराहना की और उन्हें सदा विकासोन्मुख रहने का आशीर्वाद भी दिया। संध्या का सबसे मनमोहक प्रस्तुतीकरण था नाटक 'सेवेन समुराई' - जो प्रसिद्ध फ़िल्मकार अकिरा कुरोसावा की क्लासिक फिल्म पर आधारित था। इस नाट्य प्रस्तुति का उद्देश्य छात्रों को एक नए सांस्कृतिक प्रभाव से परिचित कराना और मानव संबंधों की जटिलता, साहस और दृढ़ता जैसे गहन विषयों को उजागर करना था। इस प्रस्तुति ने एकता और सामाजिक न्याय की भावना को रेखांकित किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाया लगभग 350 छात्रों के अथक परिश्रम और उत्कृष्ट समन्वय ने- जिसमें गायन, पार्श्व गायन, नृत्य और उपकरण प्रबंधन जैसी विविध भूमिकाओं ने भी योगदान दिया और इसे अविस्मरणीय बना दिया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती जयति चौधुरी ने वार्षिक रिपोर्ट (प्रतिवेदन) प्रस्तुत की तथा विद्यालय की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दिन, लगभग 500 छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया गया। दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहे- गौरवान्वित अभिभावकगण, समर्पित संकाय सदस्य, उत्साही छात्र वृंद एवं विद्यालय के विशेष प्रतिभावान शिक्षक वृंद। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ।

## श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में 4डी डॉपलर अल्ट्रासाउंड मशीन (एआई सिस्टम) मानव सेवा के लिये समर्पित

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाईश्री रमेश भाई ओझा के कर - कमलों से श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में सोनोग्राफी विभाग में 4डी डॉपलर अल्ट्रासाउंड मशीन (एआई सिस्टम) को मानव सेवा के लिये समर्पित किया गया। भाईश्री रमेश भाई, धर्मानुरागी अशोक बाजोरिया, श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल एवम् कार्यकारिणी सदस्यों ने स्व. बिशेश्वरलाल जी - सावित्री देवी बंसल की स्मृति में समाजसेवी सुरेश बंसल, मुकेश बंसल (बी के बंसल फाउंडेशन) द्वारा प्रदत्त अनुदान, मानव सेवा की सराहना की। भाईश्री ने अपने प्रेरणादायक आशीर्वचन में कहा कि विद्यालय सरस्वती का मन्दिर है एवं हॉस्पिटल परोपकार, मानव सेवा की भावना से रोगियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाला सेवा केन्द्र है। करुणा, परोपकार की भावना से 110 वर्षों की सेवा यात्रा पूर्ण कर समय के साथ, तन - मन - धन से समर्पित संस्थापकों, पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों, दानदाताओं, सहयोगियों, डॉक्टरों की टीम, मेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए सामर्थ्य का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। समाजसेवी सुरेश बंसल ने हॉस्पिटल की निरन्तर प्रगति में हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सुरेन्द्र अग्रवाल ने भाईश्री को श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में सभी विभागों में आधुनिकीकरण एवं डायलीसिस विभाग में विस्तार, मॉड्यूलर ओ टी सहित भावी योजनाओं की जानकारी दी। हेमचन्द अग्रवाल, सुरेश बेरीवाल, दीपक बंका, मनोज पराशर, अनील चौधरी, दयानन्द भामा, महावीर प्रसाद रावत, बलदेव केडिया, राधेश्याम सोनी, निर्मल केडिया, नीरज खेतान, श्यामलाल मित्तल, डॉक्टर गोविन्द राजगढ़िया, डॉ. एस के सोंथलिया एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।



## भागवत का तात्पर्य है श्रीकृष्ण से साक्षात्कार : भाईश्री रमेश भाई ओझा

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री वृंदावन बिहारी लाल की जय ...भक्तिमय वातावरण में परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल द्वारा बड़ा पार्क, काकुड़गाछी में श्रीमद् भागवत कथा में कहा कि ईश्वर - परमात्मा का वाङ्मय स्वरूप है भागवत महापुराण। भागवत का तात्पर्य है श्रीकृष्ण से साक्षात्कार। श्रीमद्भागवत महापुराण के नामकरण के संदर्भ में कहा कि भागवत महापुराण वेद सम्मत है। वैदिक, सनातन हिन्दू धर्म के चार चरण हैं - सत्य, तप, पवित्रता एवम् दया। विवेक से धर्माचरण करने से कल्याण सम्भव है। भाईश्री ने कहा कि जिस तरह जल एवं जल की तरंग एक है, भगवान शिव - पार्वती, श्रीराम - सीता एक है, उसी तरह



श्री से युक्त है राधे - कृष्ण। भक्ति रूपी राधा ज्ञान रूपी कृष्ण में समन्वित है। श्रीराधे, श्रीराधे, श्री से युक्त है श्रीमद्भागवत। अपने जीवन में 53 वर्षों की धर्म साधना कर भाईश्री अपने प्रवचन से देश - विदेश में श्रद्धालु भक्तों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। धर्मानुरागी, समाजसेवी अशोक - अम्बिका बाजोरिया परिवार, विश्वनाथ सेकसरिया, पवन माधोगढ़िया, सुशील डाबरीवाल, बनवारीलाल सोती, नरेन्द्र, सुरेन्द्र अग्रवाल, पूर्व विधायक दिनेश बजाज, ईश्वर गुप्ता, मोहन केडिया, प्रकाश चण्डालिया, अमित सिंह राठौड़, अमित सिंह चौहान एवं पोथी यजमानों ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया तथा सामूहिक आरती में शामिल हुए।

# धनियाखाली में एसआईआर का फॉर्म नहीं मिलने पर मां-बेटी ने खाया जहर

## निर्वासित होने के डर से आत्महत्या की कोशिश, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले में 27-वर्षीय एक महिला ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित गणना प्रपत्र नहीं मिलने के बाद भय के कारण अपनी नाबालिग बेटी के साथ कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया। यह दावा उसके परिवार ने रविवार को किया। यह कथित घटना शनिवार को जिले के धनियाखाली स्थित महिला के घर पर घटी। पुलिस ने बताया कि



महिला और उसकी बेटी फिलहाल एसएसकेएम अस्पताल के आइसीयू में गंभीर हालत में हैं। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। महिला के पिता के अनुसार, वह बहुत परेशान थी, क्योंकि उसे एसआईआर प्रपत्र नहीं मिला था, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को (प्रपत्र) मिल गया था। उन्होंने कोलकाता में अपनी बेटी से मिलने के बाद कहा कि वह डरी हुई थी, क्योंकि उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे और उसे डर था कि कहीं उसे निर्वासित न कर दिया जाए। घबराहट के कारण उसने अपनी बेटी के साथ जहर खा लिया। उसके परिवार ने बताया कि वैवाहिक विवाद के बाद वह पिछले छह सालों से जिले के धनियाखली स्थित अपने पैतृक घर में रह रही थी। उन्होंने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी।

**❑ घटना के लिए भाजपा जिम्मेदार : टीएमसी**

धनियाखली से तृणमूल कांग्रेस विधायक असीमा पात्रा ने भाजपा पर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और डिटेंशन कैंप के बारे में भ्रामक बयान देकर लोगों में भय उत्पन्न करने का आरोप लगाया। पात्रा ने कहा कि जब भाजपा नेता लोगों को डिटेंशन कैंप में भेजने की बात करते हैं, तो इससे पूरे बंगाल में दहशत फैल जाती है। कुछ दिन पहले जिले के डानकुनी में भी ऐसा ही मामला हुआ था। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों की जान से खेल रही है।

# तारकेश्वर में हैवानियत : दादी की गोद से अगवा कर चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, दादा गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के तारकेश्वर में घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। दादी की गोद से चार वर्षीय मासूम बच्ची को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिवार के अनुसार, बच्ची अपनी दादी के साथ स्टेशन परिसर के पास एक अस्थायी शेड में मच्छरदानी के नीचे सो रही थी। रात के सन्नाटे में किसी अज्ञात व्यक्ति ने मच्छरदानी काटकर बच्ची को उठा लिया। काफी तलाश के बाद तारकेश्वर स्टेशन के पास एक नाले से बच्ची को खून से लथपथ अवस्था में बरामद किया गया। तत्काल उसे तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए तारकेश्वर थाने की पुलिस ने जांच



शुरू की। पूछताछ में पुलिस को बच्ची के दादा के बयान संदिग्ध लगे। शनिवार को उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और रविवार को पुलिस ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई। भाजपा आरमबाग संगठनात्मक जिला उपाध्यक्ष गणेश चक्रवर्ती ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। हालांकि तारकेश्वर के तृणमूल विधायक रामेंदु सिंह राय ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। हुगली (ग्रामीण) पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन ने बताया कि घटना की गहन जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई नमूने एकत्र किए हैं। जांच पूरी होने तक बच्ची को एक सुरक्षित होम में रखा जाएगा। घटनास्थल रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसलिए रेल प्रशासन को सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जाएगा।



नंदन में आयोजित 31वें कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छुट्टी के दिन उमड़ी भारी भीड़

# पैसे नहीं देने पर मतदाता सूची से नाम हटाने और बांग्लादेश भेजने की धमकी

## कोन्नगर के यूट्यूबर पर ठगी का आरोप

**हुगली, समाज्ञा**

राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के बीच हुगली जिले के कोन्नगर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि एक यूट्यूबर ने एक लकड़ी व्यापारी और उसके कर्मचारी को यह कहकर धमकाया कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे और उन्हें बांग्लादेश भेज दिया जाएगा! इस धमकी के बाद कथित यूट्यूबर ने व्यापारी से 40 हजार रुपये की मांग की और उसने 15 हजार रुपये ले लिए। बाद में, जब पुलिस में शिकायत की बात उठी, तो आरोपित ने गिरफ्तारी के डर से पैसे लौटा दिए। घटना हुगली के रिषड़ा इलाके की बताई जा रही है, जहां एक लकड़ी व्यापारी ने अपने काम के लिए दो साल पहले एक युवक को नौकरी पर रखा था। आरोप है कि उक्त यूट्यूबर ने उस कर्मचारी को बांग्लादेशी बताकर व्यापारी को ब्लैकमेल किया और पैसे की मांग की। सूत्रों के अनुसार, व्यापारी ठगी का शिकार होने के बाद कानाईपुर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। हालांकि, पुलिस ने बताया कि अब तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। व्यापारी ने आरोप से इंकार करते हुए कहा कि मेरे यहां कोई बांग्लादेशी युवक काम नहीं करता था। उसने कहा था कि उसका घर बारासत में है। अब वह गायब है। मैंने पुलिस को इसकी जानकारी दी है, जांच जारी है। स्थानीय तृणमूल नेता ने पूरे प्रकरण की निंदा करते हुए कहा कि अब कोई भी मोबाइल लेकर पत्रकार या यूट्यूबर बन जाता है। लोगों को डराकर, धमकाकर वसूली कर रहा है। प्रशासन को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

# बस और ट्रक की आमने-सामने भीषण टक्कर में 30 यात्री घायल

## अस्पताल पहुंचे विधायक

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के पांचला इलाके में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यात्रियों से भरी एल-3 रूट की एक बस जब हावड़ा से आमता की ओर जा रही थी, तभी 10 नंबर पोल के पास अश्वत्थतला के निकट हावड़ा-आमता रोड पर एक ट्रक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और ट्रक दोनों के चालक समेत कई यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तुरंत बाहर निकालकर आमता अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को छुट्टी दे दी




गई, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही आमता के विधायक सुकांत पाल अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। पुलिस ने रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करने का प्रयास किया। रविवार सुबह हाइड्रा क्रेन की मदद से सड़क पर खड़े ट्रक और बस को हटाया गया, जिसके चलते कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

# इंविटेशनल रे शोतोकन कराटे कप 2025 में दिखी खिलाड़ियों की शानदार प्रतिभा

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा के रवीन्द्र भवन में रविवार को इंविटेशनल रे शोतोकन कराटे कप 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रे शोतोकन कराटे डो एसोसिएशन (इंडिया) द्वारा किया गया था, जिसे मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बंगाल और मार्शल आर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का सहयोग प्राप्त था। यह प्रतियोगिता एफआईटी इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार समेत अन्य उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में हुगली जिले सहित राज्यभर से दर्जनों कराटे खिलाड़ियों ने भाग



लिया। बच्चों से लेकर युवाओं तक ने अपनी शानदार तकनीक और कराटे कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे हॉल में हर प्रदर्शन के साथ तालियों की गूंज सुनाई दी। कराटे गुरु रंजन कुमार मंडल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मरक्षा और खेल भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बेटियों की आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सीखना बहुत जरूरी है। विशेष अतिथि विजय सागर मिश्रा के अलावा विभिन्न संघों के पदाधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित थे जिनमें रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार, देवाशीष बागची, सुप्रियो कुमार चट्टोपाध्याय, निलेंदु रॉय चौधरी, डॉ. सैकत पाल प्रमुख रूप से शामिल थे।

# हावड़ा में भाई की दरिंदगी, बाल पकड़कर विवाहित बहन की पिटाई का वीडियो वायरल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के आमता थाना क्षेत्र के रुइदासपाड़ा इलाके से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। एक युवक द्वारा अपनी विवाहित बहन की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। वीडियो में आरोपी युवक को अपनी बहन के बाल पकड़कर उसकी बुरी तरह पिटाई करते और उसे गालियां देते हुए देखा जा सकता है। पीड़िता नसीमा बेगम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई शेख तपन अली पिछले कुछ महीनों से उसे और उसके पति को घर से निकालने की धमकी दे रहा था। नसीमा अपने छोटे भाई की अनुमति से उसके ही संपत्ति वाले घर में रह रही थी, लेकिन शेख तपन



अली उस जगह को अपना बताकर उन्हें वहां से जाने के लिए दबाव बना रहा था। नसीमा ने आरोप लगाया कि उसका भाई उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीड़िता ने जब आमता थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही, तो पुलिस ने पहले अनिच्छा दिखाई। हालांकि, दो बार थाने जाने के बाद अंततः मामला दर्ज कर लिया गया।

# नदिया में महुआ मोइत्रा और पिनाकी मिश्रा के शादी समारोह पर विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा और बीजू जनता दल (बीजद) नेता पिनाकी मिश्रा ने शादी के बाद शनिवार को नदिया जिले के करीमपुर में एक भोज की मेजबानी की। हालांकि, इस समारोह में तब विवाद खड़ा हो गया, जब भाजपा के एक युवा नेता ने आरोप लगाया कि सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हुई। 'करीमपुर रेगुलेटेड मार्केट ग्राउंड' में आयोजित इस समारोह में लगभग 6,000 मेहमानों ने हिस्सा लिया, जिनमें परिवार के सदस्य, सहकर्मी और प्रमुख स्थानीय निवासी शामिल थे। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो)' के नेता कृष्णु सिंघा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महुआ मोइत्रा आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। लेकिन एक सवाल है - शादी समारोह में 6,000 से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया गया। करोड़ों की लागत से पूरे मैदान को पंडालों और लाइट से सजाया गया। बहुत बढ़िया। सभी को खुशियां मनाने का अधिकार है। भाजयुमो नेता ने आरोप लगाया कि समारोह के चलते बस सेवाएं प्रभावित हुईं। उन्होंने सवाल किया कि प्रशासन ने निजी कार्यक्रम के लिए इस आयोजन स्थल के इस्तेमाल की अनुमति क्यों दी, जबकि पहले धार्मिक समारोहों के लिए अनुमति नहीं दी गई थी। सिंघा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से, अधिकारियों ने कीर्तन, बॉल मेला आदि जैसे किसी भी धार्मिक आयोजन की अनुमति नहीं दी है। क्यों? वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने आर-ोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज किया। समारोह में शामिल हुए तृणमूल विधायक रुकबानुर रहमान ने कहा कि इस तरह के अपमानजनक हमले भाजपा के दिवालियापन को दर्शाते हैं। वे एक शादी समारोह पर घटिया राजनीति कर रहे हैं। रहमान ने कहा कि दंपति ने प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त की थी और पूरा खर्च खुद वहन किया।

# कोलाघाट में बेटे का शव देखकर मां ने तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**पूर्व मेदिनीपुर :** 21 वर्षीय शुभद्रि वैद्य घर पर अचानक बीमार पड़ गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उसे मस्तिष्क का दौरा पड़ा था। डॉक्टरों के पास समय भी नहीं था। उसकी मृत्यु हो गई। रात में शव घर लाया गया। अपने इकलौते बेटे का शक देखकर मां फूट-फूट कर रोने लगी। लेकिन किसी को उम्मीद नहीं थी कि वह इतना भयानक कदम उठा सकती है। मातम के माहौल में उस घर में एक दुखद घटना घटी। सभी की जानकारी के बिना, मां ने तीसरी मंजिल की छत से छलांग लगा दी। मां मानसी वैद्य की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुखद घटना पूर्व मेदिनीपुर के



कोलाघाट में हुई। यह परिवार कोलाघाट के पाइकपारा इलाके का रहने वाला है। गत शनिवार की दोपहर, शुभद्रि नाम का एक युवक अपने घर में गिर गया। उसे तुरंत बचाकर कोलाघाट के पाइकपारा ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसे दिमागी दौरा पड़ा था। अस्पताल से उसे मृत घोषित कर दिया गया। खबर कोलाघाट पुलिस थाने पहुंची। पुलिस ने शव को तमलुक के ताम्रलिप्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद, शथ रात में ही घर लाया गया। बेटे का शव देखकर मां मानसी वैद्य फूट-फूट कर रो पड़ीं। पूरे घर में मातम का माहौल था। लेकिन किसी ने सोचा भी नहीं था कि मानसी इतना खौफनाक काम कर देगी। वह किसी की नजर बचाकर तीन मंजिला मकान की छत पर चली गई थी। आरोप है कि उसने वहीं से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लहूलुहान मानसी देवी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## इकोपार्क में आयोजित हुई 14वीं वार्षिक 'कैच एंड रिलीज' मछली पकड़ने की प्रतियोगिता



**कोलकाता, समाज्ञा :** इकोपार्क में रविवार को 14वीं वार्षिक कैच एंड रिलीज मछली पकड़ने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मछली पकड़ो और मारो की पारंपरिक सोच को तोड़ते हुए, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार एंगलिंग के संदेश को आगे बढ़ाती है। हर साल की तरह, इस कार्यक्रम का आयोजन बंगाल एंगलर्स फोरम द्वारा किया गया, जो पिछले 11 वर्षों से इस पर्यावरण-हितैषी प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। इस आयोजन की खासियत यह है कि प्रतिभागी मछली को पकड़ने के बाद उसे नुकसान पहुंचाए बिना उसके प्राकृतिक जलाशय में वापस छोड़ देते हैं। इस वर्ष संजय रॉय ने 11 किलो की मछली पकड़कर प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में हिडका, न्यू टाउन कल्याण समिति के अध्यक्ष पुषण गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और इकोपार्क का वातावरण उत्सव जैसा हो गया।

# नवद्वीप में बाइक मरम्मत विवाद ने लिया हिंसक रूप, गेराज मालिक पर जानलेवा हमला

**कोलकाता :** नदिया जिले के नवद्वीप थाना क्षेत्र के महेशगंज इलाके में रविवार शाम हिंसा और तनाव का माहौल देखने को मिला। बाइक की मरम्मत का भुगतान न करने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि बकाया रकम मांगने पर गेराज मालिक विश्वजीत देवनाथ पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और उसके गेराज के साथ-साथ आसपास के कई घरों में भी तोड़फोड़ की।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मिथुन देवनाथ, जो बिप्रनगर स्कूल मैदानपाड़ा का निवासी है, ने हाल ही में विश्वजीत के गेराज में अपनी



बाइक की मरम्मत कराई थी। जब विश्वजीत ने 1700 रुपये का भुगतान मांगा, तो मिथुन और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद साहेब उर्फ विश्वजीत हलदर नामक व्यक्ति के नेतृत्व में बदमाशों के एक समूह ने गेराज पर हमला कर दिया, मालिक को बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से घायल कर दिया।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शाम को नवद्वीप घाट-कृष्णनगर मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लेकिन जब पुलिस ने रास्ता खाली कराने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। आरोप है कि भीड़ ने पुलिस पर ईंटें फेंकीं, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए अतिरिक्त बल बुलाया और दो लोगों को हिरासत में लिया। देर रात पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर दोषियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया।

# एसआईआर के विरोध में ठाकुरबाड़ी में अनशन कर रहे भाई की चिंता में दूसरे भाई की हार्ट अटैक से मौत

**कोलकाता :** एसआईआर के विरोध में ठाकुरनगर के ठाकुरबाड़ी में चल रहे अनशन के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई है। अनशन कर रहे निताई मंडल के भाई प्रफुल्ल मंडल, जो नदिया जिले के निवासी थे, की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अपने अनशनकारी भाई की तबीयत को लेकर प्रफुल्ल अत्यधिक चिंतित थे। इस चिंता के बीच अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

रविवार को अनशन कर रहे निताई मंडल को सीने में दर्द और शरीर में पानी की कमी की शिकायत के बाद बनगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। इस घटना के बाद परिवार में गहरा शोक



छा गया है।

अखिल भारतीय मतुआ महासंघ, जो तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध है, द्वारा चलाए जा रहे इस अनशन का यह पांचवां दिन था। अब तक कुल नौ अनशनकारी बीमार पड़ चुके हैं। सभी की जांच और इलाज किया जा रहा है। महासंघ की अध्यक्षा और तृणमूल की राज्यसभा सांसद ममताबाला ठाकुर ने कहा, डखठ के डर से लोगों की मौत हो रही है, लेकिन चुनाव आयोग पूरी तरह निष्क्रिय है। भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर और केंद्र सरकार चाहती है कि मतुआ समुदाय खत्म हो जाए, और चुनाव आयोग उसी दिशा में काम कर रहा है।

उन्होंने पहले ही चेताया था कि अगर एसआईआर लागू हुआ, तो राज्य के लगभग दो करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत मतुआ समुदाय के होंगे। इसी भय के कारण लोग नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के फॉर्म भर रहे हैं। भाजपा की साजिश के विरोध में 5 नवंबर से ममताबाला ठाकुर ने अनशन आंदोलन शुरू किया था। विशेष कार्य में व्यस्त होने के कारण उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से इसकी शुरुआत की थी और सोमवार को अनशन मंच पर स्वयं शामिल होने की घोषणा की है।

# पत्नी की हत्या के बाद थाने पहुंचा पति, बोला- मैंने हत्या की, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**पुरुलिया :** पुरुलिया जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद थाने जाकर अपराध स्वीकार कर लिया। यह घटना सांतलडिही थाना क्षेत्र के डुमुर्दीहा गांव की है। आरोपी की पहचान सुबल देशवाली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविवार सुबह किसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी नयन देशवाली (34) से झगड़ा हुआ, जो धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर उसने धारदार हथियार से पत्नी पर कई बार वार कर उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। हत्या के बाद सुबल देशवाली सीधे सांतलडिही थाने पहुंचा और पुलिस अधिकारियों को बताया, मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। उसने न केवल अपराध कबूला बल्कि पूरी घटना का क्रमवार विवरण भी दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हत्या के पीछे कोई और कारण या व्यक्ति तो नहीं था। मृतका के पिता लक्षीकांत देशवाली ने अपने दामाद के खिलाफ थाने में हत्या की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# फिल्मी अंदाज़ में पुलिस की कार्रवाई: हाईवे पर मुठभेड़ के बाद दो गोरु चोर गिरफ्तार, तीन फरार

**कोलकाता :** शुक्रवार देर रात दक्षिण 24 परगना के कैनिंग थाना पुलिस ने फिल्मी अंदाज़ में दो गोरु चोरों को पकड़ लिया, जबकि तीन अन्य चोर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों के नाम हैं अनुप हालदार और मोजाम गाजी, जो क्रमशः जयनगर और बारुईपुर थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। फरार चोरों की तलाश में पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने चोरों के इस्तेमाल की गई गाड़ी और चार गोरु भी जब्त कर लिए हैं।

घटना की शुरुआत उत्तर 24 परगना के हसनाबाद थाना क्षेत्र के भेबिया चौमाथा इलाके से हुई। वहां के निवासी कमनुज्जमां मोल्ला ने शुक्रवार रात करीब दो बजे देखा कि उनके गोशाला से तीन गोरु चोरी हो गए हैं। उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी और सभी मिलकर दो गाड़ियों में चोरों का पीछा करने लगे। साथ ही हसनाबाद, मिनाखां, बसंती और कैनिंग थानों को खबर दी गई।

तीनों थानों की पुलिस एक्शन में आ गई। इस बीच चोरों का दल बसंती हाईवे से तेज़ रफ्तार में भागने लगा। मिनाखां और बसंती पुलिस को चकमा देकर वे मातला ब्रिज पार कर कैनिंग थाना क्षेत्र में घुस गए। लेकिन कैनिंग थाना के एसआई इजाज अहमद पहले से ही टीम लेकर ब्रिज के पास घात लगाए बैठे थे।

जैसे ही पुलिस ने चोरों की गाड़ी देखी, पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते-करते चोरों की गाड़ी कैनिंग एसडीओ ऑफिस के पास दूसरी गाड़ी से टकरा गई। टक्कर में चालक मोजाम गाजी घायल हो गया, जबकि पुलिस ने मौके से अनुप हालदार को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं, बिजू और कचि नाम के तीन चोर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने घायल मोजाम को कैनिंग महकमा अस्पताल में भर्ती कराया है। एक गोरु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ। बाकी दो गोरुओं को पुलिस ने बरामद कर पशु चिकित्सक से इलाज करवाया।

कैनिंग, मिनाखां और बसंती थाने की संयुक्त कार्रवाई से यह पूरी घटना हाईवे पर एक फिल्मी पीछा और गिरफ्तारी में बदल गई।

# विपक्ष बिहार में 'घुसपैठिया कॉरिडोर' बनाना चाहता है, मोदी बना रहे हैं 'औद्योगिक कॉरिडोर' : अमित शाह

**सासाराम/अरवल:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर बिहार में घुसपैठियों के लिए कॉरिडोर बनाने की कोशिश का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन सासाराम एवं अरवल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''भविष्य में पाकिस्तान पर जो मोर्टार दागे जाएंगे, वे बिहार के आयुध कारखाने में बनाए जाएंगे।'' शाह ने कहा, हाल ही में राहुल गांधी और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। यह यात्रा बिहार के गरीबों, दलितों और अति पिछड़ों के जीवन में सुधार लाने के लिए नहीं थी, बल्कि यह घुसपैठियों की रक्षा के लिए थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि विपक्ष की वोट बैंक की राजनीति ने उन्हें घुसपैठिया कॉरिडोर बनाने की कोशिश करने पर मजबूर किया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस आरोप पर कि देश में वोट चोरी हो रही है, शाह ने कहा, अगर उन्हें सच में ऐसा लगता है, तो वे निर्वाचन आयोग में औपचारिक शिकायत क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा, जब केंद्र में मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और लालू यादव की सरकार थी, तब आतंकवादी देश के अंदर खुलकर हमले करते थे और अब हम आतंकवादियों को उनके घरों में घुसकर मार रहे हैं। शाह ने कहा, भविष्य में अगर पाकिस्तान से कोई आतंकवादी हमला करने की हिम्मत करता है, तो उनके बमों का जवाब मोर्टार से दिया जाएगा और ये मोर्टार यहीं बिहार के सासाराम में बनेंगे, जहां मोदी रक्षा कॉरिडोर बना



रहे हैं। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर राम मंदिर निर्माण रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा, 550 साल पहले मुगल बादशाह बाबर ने वहां एक प्राचीन मंदिर को तोड़ दिया था, लेकिन आज मोदी के नेतृत्व में उस स्थान पर आसमान छूता भव्य मंदिर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा, मैं आपको पहले ही बता सकता हूं कि इस चुनाव का नतीजा क्या होगा। यह बिहार में मेरी 37वीं रैली है और मैं दावा करता हूं कि लालू जी और उनके साथी पहले चरण में ही पूरी तरह साफ हो चुके हैं। शाह ने मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, विपक्ष ने भले ही नया चेहरा धारण कर लिया हो, लेकिन उनके चुनाव चिह्न लालटेन और पंजा वही हैं, और उनका चरित्र भी वही है।

## मुझे जान का खतरा है, दुश्मन मुझे मरवा सकते हैं : तेज प्रताप यादव



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने रविवार को दावा किया कि उन्हें जान का खतरा है और उनके दुश्मन उन्हें 'मरवा' भी सकते हैं। राजद से निष्कासन के बाद हाल ही में अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने वाले तेज प्रताप इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में महुआ सीट से उम्मीदवार हैं। पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, मेरी सुरक्षा बढ़ा दी गई है... मुझे खतरा है। मेरे दुश्मन मुझे मरवा भी सकते हैं। अब तो हर कोई दुश्मन जैसा लगता है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके दुश्मन कौन हैं। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ हैं। वे आगे बढ़ते रहें। तेज प्रताप को 25 मई को राजद से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इससे एक दिन पहले उन्होंने कथित तौर पर सोशल मीडिया में यह स्वीकार किया था कि वे एक महिला के साथ संबंध में हैं। बाद में उन्होंने वह पोस्ट हटा दिया और दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। लालू प्रसाद ने भी तेज प्रताप को उनके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई थी। पार्टी से निष्कासन के कुछ दिनों बाद तेज प्रताप ने आरोप लगाया था कि उनके और उनके छोटे भाई तेजस्वी के बीच दरार पैदा करने की साज़िश रची जा रही है।

## मोदी-शाह कहीं भी चले जाएं, 'वोट चोरी' के लिए एक दिन पकड़े जाएंगे: राहुल गांधी

**किशनगंज/पूर्णिया:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वोट चोरी में लिप्त हैं और चाहे वे कहीं भी चले जाएं, एक दिन पकड़े जाएंगे। बिहार के किशनगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश को बांटने की साजिश कर रहे हैं, जबकि 'इंडिया' गठबंधन देश को एकजुट करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, मोदी, शाह और चुनाव आयोग के पास हमारे 'वोट चोरी' के आरोपों का कोई जवाब नहीं है, क्योंकि सच्चाई अब जनता के सामने आ चुकी है। प्रधानमंत्री, शाह कहीं भी चले जाएं,



लेकिन वे 'वोट चोरी' के लिए पकड़े जाएंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि उन्होंने हाल ही में हरियाणा में बड़े पैमाने पर वोट चोरी का खुलासा किया है। उन्होंने कहा, हरियाणा में करीब दो करोड़ मतदाता हैं, लेकिन मतदाता सूची में लगभग 25 लाख फर्जी नाम पाए गए। आज तक न तो मोदी और न ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह कहने की हिम्मत दिखाई कि 'राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं।' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि जनता एकजुट होकर वोट चोरी को रोक दे, तो बिहार में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार सौ फीसदी बनेगी। उन्होंने कहा, बिहार में मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 'महागठबंधन' अगली सरकार बनाएगा। सौ प्रतिशत संभावना है। लेकिन आपको भाजपा की वोट चोरी रोकनी होगी। मतदान के दिन हर युवा, मजदूर और किसान का यह कर्तव्य है कि वे वोट चोरी को नाकाम करें। सीमांचल क्षेत्र की रैली में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस का उद्देश्य समाज को बांटना और वोट चोरी से ध्यान हटाना है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध धर्मगुरु भंते ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि दी

**कुशीनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर स्थित म्यांमार बौद्ध विहार पहुंचकर बौद्ध धर्मगुरु भंते एबी ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, आज जनपद कुशीनगर में सुविख्यात बौद्ध धर्मगुरु एवं संत श्री भंते ज्ञानेश्वर जी के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनका जीवन करुणा, सेवा और शांति का प्रतीक था। उनकी शिक्षाएं सर्व समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी।

## समर्थकों के जन्मदिन शुभकामनाओं पर तेजस्वी यादव ने कहा- सरकार बनने पर दूंगा 'रिटर्न गिफ्ट'

**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन रविवार को इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने अपने समर्थकों से वादा किया कि चुनाव जीतने के बाद उन्हें रिटर्न गिफ्ट देंगे। समर्थकों ने इस मौके पर उनके 36वें जन्मदिन पर बड़ी संख्या में शुभकामनाएं दीं। तेजस्वी जब रविवार सुबह रोहतास जिले की काराकाट विधानसभा सीट पर प्रचार शुरू करने पहुंचे, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुये जन्मदिन का केक काटकर किया। सभा को संबोधित करते हुए राजद नेता ने कहा, आप सभी को जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं वादा करता हूं कि 14 नवंबर को मतगणना के बाद



जब हमारी सरकार बनेगी, तो मैं आप सभी को 'रिटर्न गिफ्ट' दूंगा। विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, आपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 20 साल तक मौका दिया है। अब मुझे एक मौका दीजिए – मैं 20 महीने में ही अपना काम साबित कर दूंगा। यादव ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, मुझे माफ कीजिए, आज मेरे 17 कार्यक्रम तय हैं, इसलिए लंबा नहीं बोल पाऊंगा।

## बिहार में चुनाव हो रहे हैं और राहुल मप्र में जंगल सफारी का आनंद उठा रहे : भाजपा

**भोपाल:** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर राजनीति को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया और कहा कि जब बिहार जैसे महत्वपूर्ण राज्य में चुनाव हो रहे हैं तब वरिष्ठ कांग्रेस नेता मध्यप्रदेश में जंगल सफारी का आनंद उठा रहे हैं। मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने आए राहुल गांधी ने आज सुबह जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सारंग ने कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है, लेकिन असल में वे खुद राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा, देश में जब राजनीतिक माहौल गर्म होता है तो राहुल गांधी कभी विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं तो कभी



जंगल सफारी पर। वे राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते हैं और अपनी नाकामी छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाते हैं। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के तहत 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होना है। इसके मद्देनजर रविवार शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया। परिणाम 14 नवंबर को आएंगे। सारंग ने राहुल गांधी पर हमला जारी रखते हुए कहा कि वह लिखा हुआ (स्क्रिप्ट) भाषण पढ़ा करते हैं और उनका राजनीतिक व्यवहार भी दिखावटी होता है।

## आईएमडी ने झारखंड के छह जिलों में 10-12 नवंबर तक शीतलहर की चेतावनी जारी की

**रांची:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के छह जिलों के लिए 10 से 12 नवंबर तक शीतलहर की रविवार को चेतावनी जारी की। पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिलों में 10 नवंबर की सुबह साढ़े आठ बजे से 12 नवंबर की सुबह साढ़े आठ बजे तक शीतलहर की चेतावनी जारी की गयी है। आईएमडी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है और अगले कुछ दिनों में इसमें और गिरावट आने की उम्मीद है। राज्य में सबसे कम तापमान खूंटी में नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोडरमा, गढ़वा और चतरा में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

## राजस्थान में 113 किलो डोडा पोस्त जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी के दौरान 113 किलो से अधिक अवैध डोडा पोस्त जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार के अनुसार प्रागपुरा पुलिस की विशेष टीम जयपुर-दिल्ली हाईवे पर जांच कर रही थी कि इसी दौरान हरियाणा नंबर के एक पिकअप वाहन की तलाशी में पाया गया कि डोडा पोस्त से भरे प्लास्टिक के कट्टों को बिजली के दो बड़े ट्रांसफार्मरों की आड़ में छिपाकर रखा गया है।



पुलिस ने डोडा पोस्त और तस्करी में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर लिया। इस मामले में पंजाब के मोगा जिले के सुखबीर सिंह और गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

## बिहार में 'लालटेन युग' समाप्त, राजग को जनता का अपार समर्थन मिला: सम्राट

**पटना:** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम वर्ष 2010 के चुनाव जैसा ऐतिहासिक होगा और राज्य की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को अपार समर्थन दिया है। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि, बिहार की जनता ने राजग के प्रति प्रेम और स्नेह की वर्षा की है। चौधरी ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में लगभग 100 सीटें राजग के खाते में आती दिख रही हैं, जबकि लालू यादव के परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं जीत रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि दूसरे चरण





में भी जनता उत्साहपूर्वक मतदान करेगी और राजग को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा, जब हम रैलियों में जाते थे, तब साफ दिखता था कि बिहार में 'लालटेन युग' समाप्त हो गया है। लोग कहते हैं कि अब न दुकान में लालटेन मिलती है, न घर में। मोदी जी और नीतीश जी के युग में पूरा राज्य एलईडी बल्ब से जगमगा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने प्रचार अभियान के दौरान मिले अभूतपूर्व जन समर्थन के लिए जनता को धन्यवाद दिया।

## राजस्थान: अंता सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार थमा, कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**जयपुर:** राजस्थान के बारां जिले में अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम को थम गया। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। इस सीट पर उपचुनाव को शुरू में सामान्य चुनाव के रूप में ही देखा जा रहा था लेकिन अब यह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत की प्रतिष्ठा का सवाल बनता दिख रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के तहत मतदान समाप्ति समय से 48 घंटे पूर्व रविवार शाम छह बजे से चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। मतदान 11 नवंबर को होगा जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। मतदान के लिए सोमवार को



मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। रवानगी से पहले मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि स्वतंत्र व भयमुक्त माहौल में मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। वहीं प्रचार का शोर थमने से पहले सत्तारूढ़ भाजपा व कांग्रेस ने रोडशो व सभाएं कीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजीतपुरा बालाजी से सीएडी चौराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा होते हुए ब्रह्मपुरी बालाजी तक भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के समर्थन में रोड शो किया। शर्मा ने अपने सरकार के कामों का जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस सहित अन्य उम्मीदवारों पर कटाक्ष करते हुए कहा,'आज जो पैसे बांट रहे हैं, वो कल तक गला काट रहे थे। ऐसे लोगों को यहां की जनता कभी माफ नहीं करेगी और इस बार अंता की जनता जरूर सबक सिखाएगी।' रोडशो में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।

### गाजीपुर में गंगा में नहाते समय तीन नाबालिग लड़के डूबे

**गाजीपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बहादुरगंज बाजार के रहने वाले तीन नाबालिग किशोर श्मशान घाट पर एक बुजुर्ग के दाह संस्कार के बाद गंगा नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गए। गाजीपुर कोतवाली के निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि बहादुरगंज के 72 वर्षीय महेंद्र जायसवाल के दाह संस्कार में शामिल होने के बाद आदित्य जायसवाल (17), मंडोल मद्धेशिया (16) और कुंदन मौर्य (16) पोस्ताघाट पर नहा रहे थे। उन्होंने बताया कि उसी समय तीनों किशोर गहरे पानी में समा गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सीकर में एसयूवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, दो की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के सीकर जिले में फतेहपुर-चूरू राजमार्ग पर रविवार को तेज रफ्तार एसयूवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति और उसके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान शीशराम और विकास के रूप में हुई है। वे झुंझुनू जिले के मलसीसर के रहने वाले थे शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने जा रहे थे तभी गंगापुरा बस स्टैंड के पास यह दुर्घटना हुई। मुख्य आरक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सामने से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी ने रामगढ़ के पास उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासी मदद के लिए दौड़े और पुलिस और एम्बुलेंस सेवा को सूचित किया।

### झांसी में युवक ने कथित प्रेमिका को गोली मारकर आत्महत्या की

**झांसी (उप्र):** उत्तर प्रदेश के झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र में विश्वविद्यालय रोड पर रविवार की दोपहर एक युवक ने अपनी कथित प्रेमिका के सीने में गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली। विश्वविद्यालय की इस छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना का कारण निजी संबंधों को लेकर विवाद बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना से पूर्व दोनों के बीच विवाद होते देखा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबी जीटीएस मूर्ति ने बताया कि आज दोपहर विश्वविद्यालय रोड स्थित ओम डेरी के पास तालाबपुरा ललितपुर निवासी मनीष साहू (25) ने आपसी संबंधों में विवाद के चलते अपनी साथी और विश्वविद्यालय से एमबीए कर रही कृतिका चौबे (24) के सीने में गोली मार दी और इसके तुरंत बाद अपनी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

### रांची में बाइक सवार बदमाशों ने महिला को गोली मारकर जख्मी किया

**रांची:** झारखंड के रांची में बाइक सवार तीन बदमाशों ने 25 वर्षीय महिला को कथित रूप से गोली मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम नगरी थाना क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के पास उस वक्त हुई जब महिला अपने घर लौट रही थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीन पुष्कर ने कहा, बदमाशों ने महिला का पीछा किया और फिर उसकी पीठ में गोली मारकर भाग गए। पुष्कर ने कहा कि नगरी थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है और वारदात की जांच जारी है। घायल महिला का रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज किया जा रहा है।

### पूर्व सभासद की गोली मारकर हत्या, रेल की पटरी पर मिला शव

**एटा (उप्र):** एटा जिले में एक पूर्व सभासद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी और उसका शव रविवार को रेल की पटरी पर मिला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि रविवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र में रेल की पटरी पर पूर्व सभासद हामिद अली उर्फ पप्पू (50) का शव मिला। सिंह ने कहा कि उसके सीने में गोली के निशान मिले हैं और प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लगता है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं। सिंह ने बताया कि मृतक के भाई कफील अहमद सभासद संघ के अध्यक्ष हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कहीं किसी जमीन के विवाद के चलते तो हत्या नहीं की गई।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की तैयारियां पहले से भी ज्यादा कड़ी : डीजीपी



**पटना:** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर सुरक्षा इंतज़ाम पूरी तरह से पुख्ता कर दिए गए हैं और पहले चरण की तुलना में इस बार सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी की गई है। डीजीपी ने बताया कि 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी जिलों में सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती की गई है। इस चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इनमें कई जिले अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं से सटे हैं, जिसके चलते अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। कुमार ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। वहीं झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सीमाओं से लगे जिलों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा को शनिवार से पूरी तरह सील कर दिया गया है, जबकि अंतरराज्यीय सीमाएं रविवार शाम तक बंद कर दी जाएंगी। डीजीपी ने कहा कि दूसरे चरण में केंद्रीय सुरक्षा बलों की कुल 1,650 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त राज्य पुलिस बल की अतिरिक्त टुकड़ियां भी प्रत्येक जिले में भेजी गई हैं ताकि हर मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

### अयोध्या के भव्य रामायण पार्क में लगेगी रावण की 25 फुट ऊंची प्रतिमा

**अयोध्या (उप्र):** धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा अयोध्या में विकसित किए जा रहे भव्य रामायण पार्क में जल्द ही रावण की 25 फुट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि यह प्रतिमा भगवान राम और रावण के बीच युद्ध को दर्शाएगी। इस पार्क का निर्माण गुप्तार घाट के पास किया जा रहा है। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि इस पार्क में भगवान राम, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण और अंगद सहित प्रमुख पात्रों की आदमकद प्रतिमाओं के जरिए रामायण के प्रमुख प्रसंगों को प्रदर्शित किया जाएगा। त्रिपाठी ने कहा, गुप्तार घाट का काफी धार्मिक महत्व है क्योंकि माना जाता है कि इसी स्थान पर भगवान राम ने जल समाधि ली थी। इस पार्क को रामायण की दिव्यता और भव्यता प्रदर्शित करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। महापौर ने कहा कि इस पार्क के भीतर दूसरा प्रमुख आकर्षण होगा राम दरबार जिसमें भगवान राम, माता सीता और भगवान लक्ष्मण की प्रतिमाएं लगी होंगी। इसका लक्ष्य आगंतुकों को रामायण के महत्वपूर्ण क्षणों का एक आध्यात्मिक अनुभव कराना है। अधिकारियों ने कहा कि इस परियोजना के जरिए आध्यात्मिकता का सांस्कृतिक पर्यटन के साथ मेल कराने का प्रयास किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश: बेसिक शिक्षा विभाग के तीन अधिकारियों समेत 16 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो सरकारी सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल में स्थायी शिक्षक की नियुक्ति में अनियमितता के आरोप में बेसिक शिक्षा विभाग के तीन अधिकारियों समेत कुल 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि दोकटी थाने में अमर नाथ यादव, शाहिद अंसारी और सुनील तिवारी नामक व्यक्तियों की तहरीर पर गत शुक्रवार को तीन खंड शिक्षा अधिकारियों दुर्गा प्रसाद सिंह, जयराम पाल और यशवन्त सिंह के साथ ही स्कूल प्रबंधक रमा तिवारी, प्रधानाचार्य अजय कुमार साह, अध्यक्ष आनन्द प्रकाश तिवारी समेत कुल 16 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में शिकायत की गई है कि दोकटी थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में स्थित कन्या जूनियर हाई स्कूल और लुटईपुर बहुआरा गांव में स्थित माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर स्थायी नियुक्ति के नाम पर खंड शिक्षा अधिकारियों समेत कुल 16 लोगों ने शाहिद अंसारी नामक व्यक्ति से 25 लाख रुपये, अशोक तिवारी से 31 लाख रुपये और अमर नाथ यादव से 39 लाख 50 हजार रुपये वसूल किये थे।

### राजस्थान : जैसलमेर में एटीएम उखाड़कर ले गए चोर

**जैसलमेर:** राजस्थान के जैसलमेर जिले में बीती रात चोरों का एक समूह एटीएम को उखाड़कर ले गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना जिले के नेहड़ाई गांव में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम पर हुई। शनिवार देर रात एक वाहन से आए अज्ञात चोरों ने एटीएम को रस्सी से बांध कर उखाड़ लिया और अपने साथ ले गए। पुलिस ने बताया कि सुबह जब ग्रामीणों ने एटीएम वहां नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। एटीएम में कितनी नकदी थी इस बारे में अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### एएसआई ने कोणार्क सूर्य मंदिर के 'नट मंडप' में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगाई

**भुवनेश्वर :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर के 'नट मंडप' में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। एएसआई द्वारा शनिवार को जारी निर्देश के अनुसार, पर्यटकों को अब 13वीं शताब्दी के मंदिर के 'नट मंडप' पर प्रवेश करने या पत्थर की नक्काशीदार कलाकृतियों को छूने की अनुमति नहीं होगी। आदेश को लागू करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। एएसआई के अधीक्षक पुरातत्वविद् डी बी गडनायक ने इस कदम को उचित ठहराते हुए कहा कि सेल्फी और तस्वीरें लेते समय पर्यटकों की लापरवाही के कारण नट मंडप से गिरने और गंभीर रूप से घायल होने की घटनाएं हुई हैं।

### केंद्र ने राज्यों से सड़क दुर्घटना पीड़ितों के अंग, ऊतक दान के लिए कदम उठाने को कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने राज्यों को अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कर्मियों को प्रशिक्षण देने, अस्पतालों में विशेष टीम नियुक्त करने, ट्रॉमा सेंटर का उन्नयन करने और उन्हें अंग पुनर्प्राप्ति केंद्रों के रूप में पंजीकृत करने जैसे कुछ सुझाव दिए हैं। देश में अंगदान की दर प्रति 10 लाख जनसंख्या पर एक मृतक दाता से भी कम है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वे आपात स्थिति में पुलिस कर्मियों, एम्बुलेंस चालकों और पैरा-मेडिकल कर्मचारियों जैसे कर्मियों के लिए राज्य और जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें, ताकि सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों के अंग और ऊतक दान कराने में सुविधा हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने एक पत्र में कहा कि भारत में प्रतिरोपण के लिए अंगों की भारी कमी है तथा हजारों मरीज विभिन्न अंगों के लिए प्रतीक्षा सूची में हैं।

### फरवरी 2026 में असम के मूल लोगों को आग्नेयास्त्र लाइसेंस का पहला बैच जार करेंगे: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार फरवरी 2026 में 'असुरक्षित और दूरदराज' क्षेत्रों में रहने वाले राज्य के मूल लोगों को आग्नेयास्त्र लाइसेंस का पहला बैच जारी करेगी। यह निर्णय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में आग्नेयास्त्र लाइसेंस की पहली खेप जारी होने के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यहां मंत्रिमंडल बैठक के बाद शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि अधिकारियों को स्थानीय लोगों से 'काफी' आवेदन प्राप्त हुए हैं और वे वर्तमान में उनकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें आग्नेयास्त्र लाइसेंस के लिए बहुत सारे आ-वेदन मिले हैं। हम फिलहाल आ-वेदनों की जांच कर रहे हैं।'' शर्मा ने कहा कि सरकार बहुत चुनिंदा लोगों को लाइसेंस देगी और आग्नेयास्त्र रखने के इच्छुक सभी लोगों को इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, ''इस योजना के तहत लाइसेंस का पहला बैच फरवरी में जारी किया जाएगा।''

## भारतीय वायुसेना का 93वां स्थापना दिवस

# दुश्मनों को सीधा संदेश, चीन सीमा पर गरजे राफेल-तेजस

### गुवाहाटी में वायुसेना का रोमांचक हवाई प्रदर्शन



**गुवाहाटी :** भारतीय सेना पाकिस्तानी सीमा से लेकर चीन से लगती अरुणाचल प्रदेश में ट्राई-सर्विसेज ड्रिल करने की तैयारी चल रही है, इन सबके बीच रविवार को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के सीने पर राफेल, तेजस और सुखोई जैसे मॉडर्न फाइटर जेट ने अपनी गर्जना से दुश्मनों के सीने को दहलाया। भारतीय वायुसेना ने अपने 93वें स्थापना दिवस समारोहों के क्रम में रविवार को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर एक शानदार हवाई प्रदर्शन किया। यह ऐतिहासिक अवसर असम की धरती पर पहली बार मनाया गया, जिसने पूर्वोत्तर भारत के गौरव में एक नया अध्याय जोड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य थे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पूर्वी वायु कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल सुरत सिंह, वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी और राज्य सरकार के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस वर्ष वायुसेना दिवस का विषय था, अचूक, अभेद्य व सटीक। लाचित घाट के ऊपर हुए इस रोमांचक फ्लाइंग डिस्प्ले में लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों की अद्भुत संगति देखने को मिली। गुवाहाटी के आसमान को रंगों से भरते हुए वायुसेना के विभिन्न विमानों ने अपनी शक्ति और सटीकता का प्रदर्शन किया। मुख्य आकर्षण रहे, तेजस (लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट), अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हॉक जेट्स, जो आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रीय शक्ति की दिशा में वायुसेना की प्रगति का प्रतीक हैं।

### 'चिकन्स नेक कॉरिडोर' के निकट वायुसेना का पराक्रम दुश्मनों की नींद उड़ा देगा: हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को गुवाहाटी में पूर्वोत्तर में भारतीय वायुसेना के पहले पूर्ण पैमाने के 'एयर शो' का अवलोकन किया और कहा कि 'चिकन्स नेक कॉरिडोर' के निकट शक्ति, कौशल और भावना का यह प्रदर्शन दुश्मनों की ''रातों की नींद हराम'' कर देगा। 'चिकन नेक कॉरिडोर' भारत का वह संकरा भूभाग है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्से से जोड़ता है। भारतीय वायुसेना द्वारा यहां आयोजित कार्यक्रम में राफेल, सुखोई-30, मिग-29, मिराज, जगुआर, आईएल-78 रिफ्यूलर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एंटोनोव एएन-32, सी-130 हरक्यूलिस जैसे विमानों और अपाचे, एमआई-17 तथा उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर-एमके1 जैसे हेलीकॉप्टरों ने हवाई प्रदर्शन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'आयरनमैन 70.3' में युवाओं की अधिक भागीदारी का स्वागत किया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गोवा में आयोजित 'आयरनमैन 70.3' जैसे आयोजनों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में युवा भाजपा नेताओं - तेजस्वी सूर्या और के. अन्नामलाई को 'आयरनमैन ट्रायथलॉन' सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दी। मोदी ने कहा, ''आज गोवा में, 'आयरनमैन 70.3' जैसे आयोजनों में हमारे युवाओं की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हुई। इस तरह के आयोजन फिटइंडिया अभियान में योगदान देते हैं।''प्रधानमंत्री ने कहा, ''भाग लेने वाले सभी लोगों को बधाई। मुझे खुशी है कि हमारी पार्टी के दो युवा सहयोगी - अन्नामलाई और तेजस्वी सूर्या उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने 'आयरनमैन ट्रायथलॉन' सफलतापूर्वक पूरा किया है।''

## पंजाब : बीएसएफ की श्वान बबीता वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**चंडीगढ़ :** पंजाब में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की श्वान बबीता को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में असाधारण साहस और विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बबीता को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल आरआरयू राष्ट्रीय के9 बहादुरी पुरस्कार-2025 से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि अमृतसर सेक्टर के अंतर्गत सीमा पर तैनात एक बटालियन के साथ सेवारत बबीता ने सितंबर में एक बड़े अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारी ने बताया कि उसकी तीक्ष्ण सूझबूझ और बुद्धिमत्ता के कारण जवान एक संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, जिसके परिणामस्वरूप तीन भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया और एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 63 कारतूस और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## भारत वैश्विक नवाचार शक्ति के रूप में उभर रहा: जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

**रायपुर :** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि भारत, अनुसंधान और नवाचार में एक नई क्रांति का अनुभव कर रहा है और एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो दुनिया में नवाचार की अगली लहरों को शक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि टैरिफ और वैश्विक चुनौतियों एवं संघर्षों के बावजूद भारत का विश्व अर्थव्यवस्था में सबसे बेहतर स्थान बना हुआ है। सिन्हा यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के 16वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत का अनुसंधान और विकास व्यय 2010-11 के 60,000 करोड़ रुपये से बढ़कर अब लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये प्रतिवर्ष हो गया है। उन्होंने निजी क्षेत्र से अनुसंधान एवं विकास में अपने निवेश को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई क्रांति का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनुसंधान, विकास और नवाचार से जुड़ी एक लाख करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा, ''आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि 2010-11 में हम अनुसंधान एवं विकास पर केवल 60,000 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाते थे। आज हम अनुसंधान एवं विकास पर सालाना लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं।''

## न्याय तक पहुंच की धारणा कोई अमूर्त आदर्श नहीं, बल्कि एक अधिकार: न्यायमूर्ति सूर्यकांत



**नयी दिल्ली :** भारत के भावी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि ''न्याय तक पहुंच'' की धारणा एक अमूर्त आदर्श नहीं है, बल्कि एक अधिकार है, जिसे संस्थागत ताकत, पेशेवर क्षमता और करुणाभाव के जरिये लगातार पोषित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने ''कानूनी सहायता वितरण तंत्र को मजबूत बनाने'' पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की नयी पहल कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत और प्रायः खंडित प्रतिनिधित्व से रक्षा की संरचित और जवाबदेह प्रणाली की ओर बदलाव का प्रतीक है। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, ''इस सम्मेलन के दौरान, जो बात सबसे स्पष्ट रूप से उभरकर आई है, वह यह है कि 'न्याय तक पहुंच' की धारणा एक अमूर्त आदर्श नहीं है, बल्कि एक ऐसा अधिकार है, जिसे संस्थागत शक्ति, व्यावसायिक क्षमता और सहानुभूतिपूर्ण सहभागिता के जरिये लगातार पोषित किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''इस सप्ताहांत आयोजित प्रत्येक विचार-विमर्श ने इस बड़े मिशन के एक पहलू को उजागर किया है, तथा साथ मिलकर उन्होंने इस बात की एक आकर्षक तस्वीर पेश की है कि हम कितनी दूर तक आ चुके हैं तथा हमें अभी और कितना आगे जाना है।'' न्यायमूर्ति कांत 24 नवंबर को प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता के लिए सूचीबद्ध वकील अक्सर कानूनी सहायता पारिस्थितिकी तंत्र में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता होते हैं, और इस सत्र ने याद दिलाया कि न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए, न केवल बुनियादी ढांचे और नीति में, बल्कि मानव पूंजी में भी निवेश किया जाना चाहिए।

## फिल्मों की शूटिंग के लिए कश्मीर लौटने को तैयार बॉलीवुड: सुनील शेट्टी

**जम्मू :** बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने रविवार को कहा कि निर्माता-निर्देशक फिल्मों की शूटिंग के लिए फिर से कश्मीर का रुख करने को पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि यह क्षेत्र अपना खोया हुआ गौरव फिर से हासिल करेगा। शेट्टी का यह बयान अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के कई महीनों बाद आया है। हमले ने इस इलाके को बुरी तरह से प्रभावित किया था, जिसके बाद सरकार वहां पर्यटन उद्योग में फिर से जान फूंकने की कोशिश कर रही है। बीएसएफ जम्मू के पुरस्कार समारोह के बाद संवाददाताओं से मुखातिब शेट्टी ने कहा, (कश्मीर में) सौ फीसदी शूटिंग होगी। विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और बिनॉय गांधी कश्मीर में इसी साल अपनी फिल्मों की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि ये फिल्में अगली गर्मियों तक पूरी हो जाएंगी। उन्होंने कहा, हमारा जम्मू-कश्मीर अपना खोया हुआ गौरव फिर से हासिल करेगा और हमेशा गौरवपूर्ण बना रहेगा। शेट्टी ने जम्मू मैराथन के आयोजन के लिए बीएसएफ की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है।

## असम सरकार ने 1,140 बीघा वन भूमि पर 'अतिक्रमण' हटाने के लिए बेदखली अभियान चलाया



**गोवालपारा (असम) :** असम सरकार ने रविवार को गोवालपारा जिले में 1,140 बीघा (376 एकड़ से अधिक) वन भूमि पर कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए बेदखली अभियान शुरू किया, जिससे लगभग 600 परिवार प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गोवालपारा जिला आयुक्त (डीसी) प्रदीप तिमुंग के अनुसार, दहिकाटा आरक्षित वन में अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराने का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 580 परिवारों ने 1,140 बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। उन्हें जमीन खाली करने के लिए 15 दिन पहले नोटिस जारी किए गए थे। तिमुंग ने कहा कि नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र के लगभग 70 प्रतिशत अवैध निवासी पहले ही स्थान छोड़ चुके हैं, जबकि शेष लोग अपने घर खाली कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने बेदखली अभियान के लिए दो दिन तय किए थे, लेकिन प्रशासन को उम्मीद है कि यह अभियान आज ही पूरा हो जाएगा। अब तक हमें किसी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा है। हम अतिक्रमित भूमि पर बचे हुए घरों को गिरा रहे हैं।

## बीएसएफ महानिदेशक ने जम्मू मैराथन का नेतृत्व किया, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली ऐसी पहल



**जम्मू :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर जम्मू मैराथन की शुरुआत की। यह आयोजन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बल द्वारा किया जाने वाला पहला बड़ा सार्वजनिक आयोजन बन गया है। सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर द्वारा इस मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक फिटनेस और नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना है। बीएसएफ के अनुसार, देश भर से 6,000 से अधिक लोगों ने इस मैराथन के लिए अलग-अलग श्रेणियों की दौड़ में पंजीकरण कराया जिसमें 42 किलोमीटर, 21 किमी और 10 किमी की दौड़ के अलावा पांच किमी की दौड़ भी शामिल है। कुछ विदेशियों ने भी मैराथन में हिस्सा लिया है। बीएसएफ के महानिदेशक ने संवाददाताओं को बताया, यह पहली बार है कि बीएसएफ शारीरिक फिटनेस और नशामुक्त भारत को बढ़ावा देने के लिए जम्मू में मैराथन का आयोजन कर रहा है। जब हम फिटनेस के प्रति जागरूक होते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसका हमारे राष्ट्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## भारतीय एजेंसियां म्यांमा के घोटाला केंद्र से भागकर थाईलैंड पहुंचे भारतीयों की जांच कर रहीं

**नयी दिल्ली :** भारतीय जांच एजेंसियों ने उन भारतीय नागरिकों से पूछताछ की है, जिन्हें थाईलैंड से वापस लाया गया है। कुछ दिन पहले ही ये लोग म्यांमा में एक कुख्यात घोटाला केंद्र से बचकर थाईलैंड के सीमावर्ती शहर माई सोत पहुंचे थे। सरकारी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 26 महिलाओं सहित 270 भारतीय नागरिकों को बृहस्पतिवार को भारतीय वायु सेना के दो सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमानों से थाईलैंड से वापस लाया गया था। उन्होंने बताया कि थाईलैंड सरकार ने म्यांमा के म्यावाड्डी शहर से अवैध रूप से उसकी सीमा में दाखिल होने वाले इन भारतीयों पर जुर्माना लगाया था।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार; फिलहाल चरण तीन पांबदी नहीं: सीएक्यूएम

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में रविवार को वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ, जिसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने फिलहाल तीसरे चरण की कड़ी पाबंदियां लागू नहीं करने का फैसला किया। दिल्ली में दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह के समय बहुत खराब श्रेणी के उच्च स्तर पर रहने के बाद, सीएक्यूएम की चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) पर उप-समिति ने वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा के लिए शाम को बैठक की। आयोग के अनुसार, दिल्ली का प्रति घंटा औसत एक्यूआई सुबह 10 बजे 391 था, लेकिन शाम चार बजे तक यह सुधरकर 370 हो गया और शाम पांच बजे 365 पर आ गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के पूर्वानुमानों से भी संकेत मिलता है कि आने वाले दिनों में समग्र वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रहने की आशंका है। सुधार की प्रवृत्ति और पूर्वानुमानों पर विचार करते हुए, उप-समिति ने निर्णय लिया कि वर्तमान में जीआरएपी के तृतीय चरण की पाबंदियों को लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है और चरण-एक और दो के तहत जारी उपाय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जारी रहेंगे।

## मुकेश अंबानी ने गुरुवायुर मंदिर में दर्शन किए, प्रस्तावित अस्पताल के लिए 15 करोड़ रुपये दान दिए



**त्रिशूर (केरल) :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रविवार को यहां गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर में दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और प्रस्तावित देवस्वओम मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के लिए वित्तीय सहायता दी। गुरुवायुर देवस्-वओम ने अपने आधिकारिक 'फेसबुक' पेज पर अंबानी की यात्रा की जानकारी और तस्वीरें साझा कीं। देवस्वओम के मुताबिक, अंबानी सुबह करीब 7:30 बजे हेलीकॉप्टर से गुरुवायूर पहुंचे। हेलीकॉप्टर श्रीकृष्ण कॉलेज मैदान पर उतरा। इसके बाद वह सड़क मार्ग से मंदिर के दक्षिणी द्वार पर पहुंचे, जहां देवस्वओम के अध्यक्ष डॉ. वी. के. विजयन और अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। देवस्वओम ने बताया कि चूंकि सार्वजनिक अवकाश था और दर्शन पर विशेष प्रतिबंध थे इसलिए अंबानी ने 25 सदस्यों के लिए आयोजित 'नेविलक्कु वझीपाडु' कूपन के साथ मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह में प्रार्थना की, सोपानपदी (मंदिर की सीढ़ियों) पर प्रसाद चढ़ाया और मुख्य पुजारी से प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान के बाद, विजयन ने अंबानी को मंदिर का प्रसाद और भगवान गुरुवायुरप्पन का एक स्मारक चित्र भेंट किया।

## आडवाणी की लंबी सेवा को एक घटना तक सीमित करना अनुचित : थरूर का आलोचक पर पलटवार



**नयी दिल्ली :** लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देने के बाद आलोचना का सामना करने वाले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता के लंबे सार्वजनिक जीवन और सेवा को एक घटना तक सीमित करना अनुचित है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने थरूर की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि थरूर खुद के लिए बोलते हैं और कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य के रूप में उनका ऐसा करना पार्टी की लोकतांत्रिक और उदार भावना को दर्शाता है। थरूर ने यह भी कहा कि जब जवाहरलाल नेहरू के पूरे राजनीतिक जीवन का आकलन चीन संबंधी झटके से नहीं किया जा सकता और इंदिरा गांधी का आकलन केवल आ-पातकाल से नहीं किया जा सकता, तो उनका मानना है कि ''हमें आडवाणी जी के प्रति भी यही विनम्रता दिखानी चाहिए।'' कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, हमेशा की तरह, डॉ. शशि थरूर अपनी बात कह रहे हैं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उनके हालिया बयान से खुद को पूरी तरह अलग करती है।

## उत्तराखंड स्थापना दिवस: प्रधानमंत्री ने 8,260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया



**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तराखंड के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 8,260 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में राज्य द्वारा की गई सर्वांगीण प्रगति की सराहना की। मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में दो लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम जारी है। राज्य की रजत जयंती मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 साल पहले उत्तराखंड का बजट केवल 4,000 करोड़ रुपये था, लेकिन अब यह एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। उन्होंने राज्य में बड़ी संख्या में तीर्थस्थलों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्त-राखंड विश्व की आध्यात्मिक राजधानी भी बन सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन की गई परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### उत्तराखंड स्थापना रजत जयंती समारोह में मोदी का अंदाज रहा उत्तराखंडी

उत्तराखंड स्थापना के रविवार को आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का टोपी से लेकर बोली तक हर अंदाज उत्तराखंडी रहा। वैसे तो अक्सर प्रधानमंत्री यहां अपने भाषण की शुरूआत गढवाली में करते हैं लेकिन उत्तराखंडी टोपी पहने मोदी ने इस बार अपने भाषण में कई बार गढ़वाली और कुमांऊनी का इस्तेमाल किया।

### मोदी की उपस्थिति में पिथौरागढ़ में नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में रविवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और उत्तराखंड सरकार के बीच पिथौरागढ़ जिले में स्थित नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए गए। यह ऐतिहासिक समझौता उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत, अंगोला ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया; समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए



**लुआंडा (अंगोला) :** भारत और अंगोला ने रविवार को अफ्रीकी देश में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आधिकारिक यात्रा के पहले दिन मत्स्य पालन, जलीय कृषि और समुद्री संसाधनों जैसे विषयों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति आठ से 11 नवंबर तक अंगोला की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अंगोला की पहली यात्रा है। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्विस लौरेंको ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मू का आधिकारिक स्वागत किया। इक्कीस तोपों की सलामी और औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ उनका स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। तत्पश्चात् दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ और फिर प्रेस के समक्ष संयुक्त रूप से वक्तव्य पढ़े गए। मुर्मू ने कहा कि भारत और अंगोला के बीच साझेदारी आपसी विश्वास, सम्मान और जनता की समृद्धि के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने अंगोला के लोगों और सरकार को अपने देश में उनके प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करने और 11 नवंबर को उनकी स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया।

## विश्व शतरंज कप: विदित गुजराती हारकर बाहर

**पणजी:** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती रविवार को यहां तीसरे दौर के टाई-ब्रेक गेम के दूसरे सेट में अमेरिका के सैम शैंकलैंड से 2.5-3.5 से हारकर विश्व शतरंज कप से बाहर हो गए। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एस एल नारायणन को भी टाई-ब्रेक गेम के पहले सेट में चीन के यांगयी यू से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वी कार्तिक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और रोमानिया के डेक बोगदान-डैनियल को 1.5-0.5 से हराया। कार्तिक चौथे दौर में पहुंच गए हैं, जिसका मतलब है कि पहले तीन दौर के बाद खिताब की दौड़ में पांच भारतीय बचे हैं। खिताब के दो प्रबल दावेदार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा तथा पी हरिकृष्णा और विश्व जूनियर चैंपियन वी प्रणव चौथे दौर के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। गुजराती टूर्नामेंट से बाहर होने वाले तीसरे प्रमुख भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे पहले विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन से जबकि अरविंद चिदंबरम को दूसरे राउंड में ही कार्तिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टेस्ट गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने भारत 'ए' को पांच विकेट से हराया

**बेंगलुरु:** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने नियमित टेस्ट गेंदबाजों की मौजूदगी वाले भारत 'ए' के खिलाफ रविवार को दूसरे चार दिवसीय मैच के चौथे दिन पांच विकेट से यादगार जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने दिन की शुरुआत में बिना किसी नुकसान के 25 रन से आगे से खेलते हुए 417 रन के बड़े लक्ष्य का बिना किसी परेशानी के आसानी से पीछा कर लिया। जॉर्डन हरमन (91, 123 गेंद), लेसेगो सेनोक्वाने (77, 174 गेंद), तेम्बा बावुमा (59, 101 गेंद), जुबैर हमजा (77, 88 गेंद) और कॉनर एस्टरहुइजन (52 रन नाबाद, 54 गेंद) ने शानदार अर्धशतक जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका 'ए' ने तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 417 का स्कोर बना यादगार जीत दर्ज की।

# आकाश चौधरी ने लगातार आठ छक्के और 11 गेंदों में अर्धशतक जड़कर बनाए विश्व रिकॉर्ड



**सूरत:** मेघालय के आकाश कुमार चौधरी रविवार को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार आठ छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यहां अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में केवल 11 गेंदों पर इस प्रारूप का सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा। चौधरी ने सीके पीठावाला मैदान पर मैच के दूसरे दिन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह शानदार उपलब्धि हासिल की। वह 14 गेंदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे मेघालय ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 628 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। चौधरी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का लीसेस्टरशर के वेन व्हाइट के पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में एसेक्स के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। यही नहीं 25 वर्षीय चौधरी वेस्टइंडीज के महान सर गारफील्ड सोबर्स और भारत के रवि शास्त्री के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। चौधरी ने यह उपलब्धि तब दर्ज की जब मेघालय का स्कोर छह विकेट पर 576 रन था। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में पहली तीन गेंद पर दो रन बनाए। इसके बाद दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अगली आठ गेंदों पर छक्के लगाए। उन्होंने 126वें ओवर में लिमार डाबी की सभी छह गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। रविवार के मैच से पहले चौधरी ने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में केवल दो अर्धशतकों के साथ 14.37 की औसत से रन बनाए थे। उन्होंने 28 लिस्ट-ए मैच और 20 टी20 मैच भी खेले हैं। सोबर्स ने अगस्त 1968 में नॉटिंघमशर की तरफ से ग्लेमोर्गन के खिलाफ काउंटी मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। इस तरह से वह यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रहे शास्त्री ने वानखेड़े स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी 1984-85 के मैच में मुंबई की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के तिलक राज के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे।

# प्रमोद भगत, कृष्णा नागर और सुकांत कदम जापान पैरा बैडमिंटन में चमके



**शिजुओका सिटी (जापान):** स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों प्रमोद भगत, कृष्णा नागर और सुकांत कदम ने रविवार को यहां जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने आधे दर्जन से अधिक स्वर्ण पदक जीते। भगत ने एकल, युगल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन नागर ने एकल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक हासिल किए। सुकांत ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एकल में रजत पदक हासिल किया। भगत ने एसएल3 वर्ग में पुरुष एकल में जापान के दाइसुके फुजिहारा के खिलाफ पहला गेम गंवाने और दूसरे में 16-19 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एक घंटे और 33 मिनट में 17-21, 21-19, 21-10 से जीत दर्ज की। पुरुष युगल में भगत ने सुकांत के साथ मिलकर जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार की हमवतन जोड़ी को 21-17, 18-21, 21-16 से हराया। भगत ने इसके बाद मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल4-एसयू5 वर्ग में नितीश कुमार और टी मुरुगेसन की हमवतन जोड़ी को 29 मिनट में 21-19, 21-19 से हराकर स्वर्ण पदक ही हैट्रिक पूरी की। भगत ने मैच के बाद कहा, ''यहां तीन स्वर्ण पदक जीतना बहुत मायने रखता है। ऐसे देश में प्रदर्शन करना हमेशा खास होता है जो पैरा बैडमिंटन को इतनी गहराई से महत्व देता है। हर मैच ने मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से परखा और मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं इस दबाव से कैसे निपटा।'' नागर ने एसएच6 वर्ग के पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका में माइल्स क्राजेवस्की को 22-20, 21-13 से हराया और फिर नित्या श्री के साथ मिलकर मिश्रित युगल का भी खिताब जीता। सुकांत ने भगत के साथ स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एसएल4 एकल में रजत पदक हासिल किया जहां उन्हें कड़े मुकाबले में हमवतन भारतीय नवीन शिवकुमार से हार का सामना करना पड़ा। मनदीप कौर और नीरज ने महिला एसएल3 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

## अगला लक्ष्य जीत को आदत बनाना है: रेणुका ठाकुर



**शिमला:** तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने रविवार को यहां कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर एक मानक स्थापित कर दिया है और टीम का अगला लक्ष्य जीत को आदत बनाना है। रेणुका का शिमला जिले में स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचने पर उनके परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने रोहड़ू के निकट प्रसिद्ध हाटकोटी मंदिर में जाकर आशीर्वाद भी लिया। रेणुका ने इस अवसर पर पत्रकारों से कहा, 'मेरी कड़ी मेहनत रंग ला रही है, लेकिन इसका श्रेय मेरी मां और भूपिंदर चाचा को जाता है, जिन्होंने मेरी प्रतिभा को पहचाना और मेरा पूरा साथ दिया।' रेणुका ने अपने हाथ पर अपने पिता का एक टैटू गुदवाया है जो उनके लिए प्रेरणा का काम करता है क्योंकि उनके पिता केहर सिंह ठाकुर का सपना था कि उनके बच्चे खेलों में आगे बढ़ें। जब वह सिर्फ़ तीन साल की थीं, तब उनके पिता का निधन हो गया था और उनकी मां सुनीता ठाकुर ने अकेले ही रेणुका और उनके भाई का पालन-पोषण किया।

## पिछले एक साल में संघर्षों से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की: शेफाली



**चंडीगढ़:** भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल में उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए 'कड़ी मेहनत' की और टीम को ऐतिहासिक विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गईं 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मेजबान टीम की 52 रन की जीत के दौरान 87 रन की पारी खेलने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी चटकाए जिसके लिए उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शेफाली ने रोहतक में एक सम्मान समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, 'पिछला एक साल मेरे लिए बहुत कठिन रहा। मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा लेकिन मैं कड़ी मेहनत करती रही और ईश्वर ने मेरी मेहनत का फल मुझे दिया।' शेफाली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह अंतिम चार के मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं लेकिन हरियाणा की इस खिलाड़ी ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया।

### यशदीप ने कोरियाई तीरंदाजों को चौंकाया, अंशिका ने भी किया प्रभावित, भारत रिकर्व में दूसरे स्थान पर

**ढाका:** भारतीय तीरंदाज यशदीप भोगे ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष रिकर्व क्वालीफिकेशन में बड़ा उलटफेर करते हुए कोरिया के शीर्ष तीरंदाजों को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं बिहार की युवा तीरंदाज अंशिका कुमारी ने महिला वर्ग में शीर्ष पांच में जगह बनाकर प्रभावित किया। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन से भारत टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। यशदीप ने 720 में से 687 अंक हासिल कर सेओ मिंगी (681) और किम येचन (679) जैसे अनुभवी कोरियाई खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। यह प्रदर्शन खास इसलिए भी रहा क्योंकि यशदीप ने जुलाई 2023 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी की है। अतनु दास सातवें (668) और राहुल 11वें स्थान पर रहे, जिससे भारत की पुरुष टीम कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही। महिला रिकर्व में 25 वर्षीय अंशिका 660 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

## वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया



**ब्रिसबेन:** भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।' भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।



## अमेरिका, चीन के आर्थिक आंकड़ों से पहले सोने की कीमतों में सुधार जारी रहेगा



**नयी दिल्ली:** अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितताओं और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में सुधार जारी रहने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया। उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी मौद्रिक नीति पर स्पष्टता के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। इससे निकट भविष्य में सर्राफा कीमतों की दिशा तय होने की संभावना है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, 'सोने की कीमतों में स्वस्थ गिरावट या और सुधार की उम्मीद है, क्योंकि सभी का ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों, शुल्क पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई, फेड अधिकारियों के भाषणों और चीनी आंकड़ों पर रहेगा।' उन्होंने कहा कि सोने की कीमतें इस सप्ताह थोड़ी कम हुई, लेकिन यह धातु मोटे तौर पर एक सीमित दायरे में ही रही। मजबूत डॉलर और सुस्त भौतिक मांग के कारण इसकी बढ़त सीमित रही। खुदरा खरीदार कीमतों में और गिरावट की आशंका में बाजार से दूर हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 165 रुपये या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,21,067 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एंजल वन के डीवीपी (शोध, गैर-कृषि जिंस एवं मुद्रा) प्रथमेश माल्या ने कहा, 'इस दौरान एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1,17,000-1,22,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रहा। अमेरिकी श्रम बाजार की कमजोर रिपोर्ट, सुरक्षित निवेश की मांग, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से निकट भविष्य में सोने की कीमत प्रभावित हो सकती है।'' उन्होंने आगे कहा, 'सोना 1979 के बाद से अपनी वार्षिक वृद्धि की राह पर है, और अगर मौजूदा बुनियादी कारक प्रभावी रहे तो जल्द ही सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है।'

## भारत दुनिया के सबसे बड़े स्कॉच बाजार के रूप में उभरेगा : संगठन

**नयी दिल्ली:** भारत अगले कुछ साल में प्रतिस्पर्धी तीव्रता, प्रीमियमीकरण और आर्थिक वृद्धि के बल पर मूल्य और मात्रा के लिहाज से सबसे बड़ा वैश्विक स्कॉच व्हिस्की बाजार बनने के लिए तैयार है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क केंट सीएमजी ने यह बात कही है। मार्क केंट ने सिंगल माल्ट व्हिस्की बाजार में भारत के उभरने की सराहना करते हुए कहा कि स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन न केवल ब्रिटेन के बाजार में निर्यात के लिए, बल्कि अन्य वैश्विक बाजारों में भी साथ मिलकर संभावनाएं तलाश रहा है। भारतीय सिंगल माल्ट श्रेणी के उभरने का उल्लेख करते हुए, जिनमें से कुछ ने हाल ही में कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, उन्होंने कहा कि वह भारतीय माल्ट व्हिस्की एसोसिएशन के साथ बात करने जा रहे हैं, क्योंकि वे विनिर्माण और साथ मिलकर काम करने में गुणवत्ता के महत्व पर समान विचार रखते हैं।

# एफपीआई ने नवंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 12,569 करोड़ रुपये निकाले



**नयी दिल्ली:** अक्टूबर में थोड़े विराम के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बिकवाली फिर शुरू कर दी है। कमजोर वैश्विक संकेतों और जोखिम-रहित धारणा के बीच नवंबर में अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 12,569 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में एफपीआई ने शेयरों में 14,610 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जो लगातार कई महीनों की निकासी के बाद आया था। सितंबर में एफपीआई ने 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि नवंबर के अब तक हर कारोबारी दिन जारी रही बिकवाली की नई प्रवृत्ति ने इस साल अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में भारत के खराब प्रदर्शन में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि 2025 में एफपीआई गतिविधियों की एक प्रमुख विशेषता निवेश प्रवाह में विविधता रही है, जहां हेज फंड भारत में बिकवाली कर रहे हैं, जबकि अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे एआई-संचालित तेजी के लाभार्थी माने जाने वाले बाजारों में लिवाली कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'भारत को वर्तमान में एआई-आधारित कमजोर प्रदर्शन करने वाला देश माना जा रहा है, और यही धारणा एफपीआई की रणनीति को आकार दे रही है।' हालांकि, विजयकुमार ने आगे कहा कि एआई-संबंधित मूल्यांकन अब बढ़ा हुआ है, और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में संभावित बुलबुले का जोखिम भारत में निरंतर बिकवाली को सीमित कर सकता है। एंजल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकारजावेद खान ने भी इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए कहा कि एशिया और अन्य प्रमुख बाजारों में प्रौद्योगिकी शेयरों में वैश्विक बिकवाली के बीच नवंबर के पहले सप्ताह में एफपीआई ने 12,569 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। भारतीय कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद से थोड़े बेहतर रहे हैं, खासकर मध्यम आकार के खंड में। लेकिन वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण विदेशी निवेशक निकट भविष्य में जोखिम भरी संपत्तियों के प्रति सतर्क रह सकते हैं। इस तरह 2025 में अब तक, एफपीआई ने 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है।

## कोल इंडिया चालू वित्त वर्ष में 87.5 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करेगी: सीएमडी



**कोलकाता:** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सनोज कुमार झा ने रविवार को कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 87.5 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने या उसके करीब पहुंचने की आकांक्षा रखती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कोल इंडिया पिछले दो महीनों में अपने उत्पादन लक्ष्य से चूक गई है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर झा ने कहा, 'आज मैं यह नहीं कह सकता कि हम (उत्पादन लक्ष्य) पूरा नहीं करेंगे। मैं यह भी नहीं कह सकता कि हम पूरा करेंगे। लेकिन हम प्रयास करेंगे कि लक्ष्य तक या उसके करीब पहुंच सकें।' कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव झा ने एक नवंबर को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाल लिया। सीएमडी ने कहा कि मानसून की बारिश के कारण कोल इंडिया सितंबर और अक्टूबर में अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने से चूक गई। उन्होंने कहा कि कोयले की मांग बहुत सुस्त रही है और बिजली क्षेत्र की मांग में भी कमी आई है। झा ने उद्योग की कोयला जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा, 'साल के अंत तक हमारे पास पिछली बार की तुलना में ज्यादा भंडार होगा।'

## 2026 के अंत तक आईपीओ लाने की तैयारी शुरू कर सकती है रैपिडो: सह-संस्थापक



**नयी दिल्ली:** टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी रैपिडो को उम्मीद है कि वह सार्वजनिक सूचीबद्धता के लिए अगले साल के अंत तक काम शुरू कर सकती है। कंपनी के सह-संस्थापक अरविंद सांका ने पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों तक सालाना 100 प्रतिशत की वृद्धि बनाए रखना चाहती है। सांका ने कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से पहले रैपिडो अपने सबसे करीब के प्रतिद्वंद्वी की तुलना में बड़ी कंपनी बनना चाहती है। उन्होंने कहा, 'हम शेयर बाजारों के बारे में सोचने से पहले और आगे बढ़ना चाहते हैं। फिलहाल, हमारा विचार यह है कि हम आगे कैसे बढ़ें... पिछले दो सालों में हमारी वृद्धि दर 100 प्रतिशत रही है। हम कम से कम कुछ और सालों तक इसी वृद्धि दर को जारी रखना चाहते हैं और फिर बाजार के बारे में सोचेंगे।' यह पूछने पर कि क्या रैपिडो दो साल बाद आईपीओ लाने की तैयारी शुरू करने पर विचार कर रही है, सांका ने कहा कि कंपनी के प्रदर्शन के आधार पर हर तिमाही में समयसीमा बदलती रहती है, लेकिन कंपनी इसके लिए तैयार रहना चाहती है। उन्होंने कहा, 'हम तैयारी के लिहाज से, व्यावसायिक लिहाज से और अपेक्षित सभी पहलुओं से इस दिशा में कदम उठा रहे हैं।'

## न्यूज अपडेट

### सरकार ने 2025-26 के लिए 15 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी, शीरा से शुल्क हटाया

**नयी दिल्ली:** केंद्र ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2025-26 चीनी सत्र के लिए 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सात नवंबर को लिखे पत्र में कहा कि केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने शीरा पर से 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क हटाने का भी निर्णय लिया है। देश में गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए निर्यात संबंधी निर्णय की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। जोशी ने कहा, 'चालू चीनी सत्र के लिए भी केंद्र सरकार ने 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है और शीरे पर 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क हटा दिया गया है।' भारत ने सितंबर में समाप्त हुए 2024-25 चीनी सत्र के दौरान 10 लाख टन आवंटन के मुकाबले लगभग आठ लाख टन चीनी का निर्यात किया।

### एयरलाइन कंपनियों के स्वैच्छिक टिकाऊ विमानन ईंधन को अपनाने से कार्बन उत्सर्जन कम होगा: एयरबस अधिकारी

**नयी दिल्ली:** एयरलाइन कंपनियों के स्वैच्छिक रूप से टिकाऊ विमानन ईंधन कार्यक्रम को अपनाने से उन्हें कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी। एयरबस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह उम्मीद जताई और कहा कि ईंधन उत्पादन के लिए फीडस्टॉक संग्रह से भारत को अतिरिक्त सामाजिक-आर्थिक लाभ भी होंगे। फीडस्टॉक संग्रह में कृषि अवशेष, वन अपशिष्ट या ऊर्जा फसलों जैसे नवीकरणीय कार्बन स्रोतों को जमा किया जाता है और संयंत्रों तक पहुंचाया जाता है। विमान बनाने वाली यूरोपीय कंपनी एयरबस की भारत में महत्वपूर्ण उपस्थिति है, और उसने एयरलाइन कंपनियों के स्वैच्छिक टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) कार्यक्रमों पर खर्च को सरकार के सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) ढांचे के तहत लाने की वकालत की है। वैश्विक स्तर पर 2040 तक एसएएफ की अनुमानित आवश्यकता 18.3 करोड़ टन होगी। एयरबस में एसएएफ और सीडीआर (कार्बन डाइऑक्साइड निष्कासन) विकास, टिकाऊ संगठन के प्रमुख जूलियन मनहेस ने कहा कि एसएएफ की एक स्वैच्छिक योजना एयरलाइन के लिए खुद को अलग दिखाने का एक अवसर होगी। उन्होंने कहा कि इसे पहले कॉरपोरेट ग्राहकों, फिर कार्गो ग्राहकों और अंत में निजी ग्राहकों के लिए लागू किया जा सकता है। टिकाऊ प्रयासों के तहत सरकार जल्द ही एक एसएएफ नीति लेकर आएगी।

### सीआईआई ने सरकार से वृद्धि के वित्तपोषण के लिए विशेष कोष बनाने को कहा

**नयी दिल्ली:** उद्योग निकाय सीआईआई ने रविवार को सरकार से देश की दीर्घकालिक वृद्धि, जुझारू क्षमता और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक विशेष कोष बनाने का आग्रह किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा कि पेशेवर रूप से प्रबंधित एक मजबूत 'भारत विकास एवं रणनीतिक कोष' (आईडीएसएफ) की स्थापना की जानी चाहिए। भारत की वृद्धि को गति देने और देश के रणनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इसकी जरूरत है। इसमें आगे कहा गया है कि एक राष्ट्रीय कोष के रूप में आईडीएसएफ घरेलू स्तर पर भारत की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक पूंजी जुटाएगा। सीआईआई का मानना है कि अनुशासित योजना और वित्तपोषण के साथ, आईडीएसएफ अगले दो दशक में 2047 तक 1,300 से 2,600 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच एक प्रबंधित कोष का निर्माण कर सकता है। इसमें सुझाव दिया गया कि समय के साथ चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकार की इक्विटी का एक हिस्सा इस कोष में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे ये उद्यम केवल विनिवेश के साधन न रहकर भारत के वैश्विक विस्तार के साधन बन सकते हैं। इसके अलावा यह कोष बहुपक्षीय और द्विपक्षीय साझेदारों के साथ मिलकर निवेश करते हुए दीर्घकालिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बचत जुटाने के लिए बुनियादी ढांचा, हरित और प्रवासी बॉन्ड जारी कर सकता है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3408 अंक 218, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in